www.tamsasanket.com
वर्ष: 30 || अंक 300 || अम्बेडकरनगर
रविवार
25 जनवरी 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:55
सूर्यास्त: 05:42
अधिकतम: 21°00
न्यूनतम: 28°00




पेज 07

विशेष समाचार | गाजा बोर्ड ऑफ पीस पर... >> पेज 04 | बाराबंकी-एटा में बिजली ... >> पेज 06 | 'मेरे साथ एक रोल कर ले ना'...

## शाह ने यूपी विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया, बोले- सपा-बसपा परिवारवादी

# 2027 के लिए शाह की चुनावी हुंकार



### 'उत्तर प्रदेश आज भारत का फूड बास्केट बन चुका है, 62 लाख लोगों को घर मिला'

अमित शाह ने कहा- भाजपा की सरकार ने बीमारू राज्य को ब्रेक थ्रू राज्य बनाकर विकास को हर गांव में पहुंचा दिया है। 3 साल में उत्तर प्रदेश का कृषि विकास दर 17% है, देश में खाद्यान्न के उत्पादन में 20% का योगदान उत्तर प्रदेश करता है। उन्होंने कहा- मैं निःसंकोच कह सकता हूं कि उत्तर प्रदेश आज भारत का फूड बास्केट बन चुका है। गन्ने में एक नंबर। एथेनॉल पर एक नंबर। सारी मोदी जी की योजनाओं धरातल पर उतर चुकी हैं। 62 लाख लोगों को घर मिला है। उन्होंने कहा- जिसका पूरा देश साढ़े पांच सौ साल से राह देख रहा था। अयोध्या में श्री राम का मंदिर बनाने का काम भी पूरा हुआ।

**शाह ने 'जय श्रीराम' का जयकारा लगाकर अपने संबोधन की शुरुआत की। 'भारत माता की जय' के भी नारे लगाए। लोगों से कहा- आज यूपी दिवस है भाई, लखनऊ वालों की आवाज को क्या हो गया? इसके बाद लोगों ने जोर से शाह के साथ नारे लगाए।**

### उद्घाटन

**हेमन्त कृष्ण**

तमसा संकेत, लखनऊ । गृहमंत्री अमित शाह ने आज लखनऊ में यूपी विधानसभा चुनाव- 2027 का शंखनाद कर दिया। शाह ने लोगों से कहा- सपा, बसपा और कांग्रेस जातिवादी और परिवारवादी पार्टियां हैं। ये आपका कल्याण नहीं सकतीं। 2027 में ऐसी पार्टियों को रिजेक्ट कर एक बार फिर भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएं। यूपी का कल्याण सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। शाह यूपी दिवस समारोह के लिए लखनऊ आए थे। उन्होंने 24-26 जनवरी तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया। हर जिले के पारंपरिक व्यंजनों को दुनियाभर में पहचान दिलाने के लिए एक जनपद, एक व्यंजन (ODOC) योजना की शुरुआत भी की। इससे पहले, CM योगी ने पीएम मोदी का संदेश पढ़कर सुनाया। डिप्टी CM केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने 2017 में यूपी में भाजपा की जीत का श्रेय शाह को दिया। >> (शेष पेज 06 पर)





### 'सनातन धर्म को अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम किया'

शाह ने कहा- प्रयागराज में महाकुंभ का विराट आयोजन किया गया। हमारे सनातन धर्म को अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम किया गया। अब उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में भी 11% विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। यूपी में डेटा सेंटर सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां लग रही हैं। 2017 के पहले कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर भी बनेगा।

- अमित शाह ने अलग-अलग जिलों के फेमस व्यंजन के स्टॉल का निरीक्षण किया। शाह और योगी साथ-साथ चलते दिखाई दिए।
- अंतरिक्ष में जाने वाले शुभांशु शुक्ला समेत 5 लोगों को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।



### 'प्रदेश की सुरक्षा के लिए, विकास के लिए भाजपा को जिताएं'

शाह ने कहा- जनता ने 2014, 2017, 2019, 2022 से 2024 में भाजपा का कमल खिलाया। 2027 में फिर उत्तर प्रदेश में चुनाव होना है। मैं यहां के लोगों से अपील करने आया हूं कि प्रदेश की सुरक्षा के लिए, विकास के लिए प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाएं।

### 'ऊपर मोदी और नीचे योगी ने संभावनाओं को तराशने का काम किया'

शाह ने कहा, 'ऊपर नरेंद्र मोदी और नीचे योगी। इन्होंने उत्तर प्रदेश के अंदर विकास की सारी संभावनाओं को तराशकर अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया है। मोदी जी ने पूरे उत्तर प्रदेश में नेशनल हाईवे का जाल बना दिया है। आज यहां सबसे ज्यादा एयरपोर्ट हैं। एक डिफेंस कॉरिडोर है, जहां ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। >> (शेष पेज 06 पर)



# पहाड़ों पर बर्फबारी

## यूपी-एमपी -पंजाब समेत 5 राज्यों में बारिश का अलर्ट

### अलर्ट

- पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी, सड़कें बंद, जनजीवन प्रभावित।
- पश्चिमी विक्षोभ से मैदानी इलाकों में बारिश, ठिठुरन बढ़ी।
- माउंट आबू में -7 डिग्री सेल्सियस तापमान, राजस्थान में ओस जमी।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली। उत्तरी भारतीय राज्य जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में जमकर बर्फबारी हो रही है। शिमला, मनाली, मसूरी, कटरा चारों ओर बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। एक ओर जहां पर्यटक बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे हैं, तो दूसरी ओर स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कों पर दो से तीन फुट तक बर्फ जमने यातायात प्रभावित हो रही है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और जम्मू के डोडा में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है। एक तरफ जहां पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के कारण 2-3 फीट बर्फ जम गई है। वहीं, दूसरी ओर वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर ने राजस्थान, यूपी और एमपी समेत पांच राज्यों में हुई बारिश ने ठिठुरन बढ़ा दी है। >> (शेष पेज 06 पर)



### यूपी-पंजाब समेत इन राज्यों में बारिश

एक ओर जहां पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है, तो दूसरी ओर मैदानी राज्यों में बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। यूपी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और मध्य प्रदेश में बारिश की संभावना है। वहीं, बारिश के कारण राजधानी दिल्ली में कोहरा और धुंध छंट गई है। इन राज्यों में पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में गिरावट देखने को मिल रहा है और ठिठुरन बढ़ गई है।

> **अगर बात करें अगले दो दिनों यानी 25 और 26 जनवरी के मौसम की तो ज्यादातर राज्यों में हल्के बादल रहेंगे या मौसम साफ रहेगा। कहीं कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है। पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। दिल्ली और उत्तर भारत (एनसीआर) में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं।**

### फास्ट न्यूज

#### राहुल बोले- चुनाव आयोग अब लोकतंत्र का रक्षक नहीं

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया, 'जहां-जहां SIR है, वहां-वहां वोट चोरी है। SIR अब एक व्यक्ति, एक वोट के संवैधानिक अधिकार को नष्ट करने का हथियार बन चुका है, जिससे सत्ता का फैसला जनता नहीं भाजपा करे।

परेशानी | शिकायत

#### तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने बीजेपी पर लगाया जुर्माना

तिरुवनंतपुरम । तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने भारतीय जनता पार्टी (BJP) पर 19.7 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल दौरे के दौरान शहर में फुटपाथों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाने पर लगाया गया है। बोर्ड लगाने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक तिरुवनंतपुरम नगर निगम के सचिव की शिकायत के बाद कैंटोनमेंट पुलिस ने शुक्रवार देर रात BJP जिला अध्यक्ष करमना जयन के खिलाफ मामला दर्ज किया।

#### तेलंगाना में जहरीला इंजेक्शन देकर 300 कुत्तों की हत्या

हैदराबाद । तेलंगाना के जगतियाल जिले के पेगडापल्ली गांव में 300 आवारा कुत्तों की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या कर दी गई। एक एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट के दावे के मुताबिक गांव के सरपंच ने दिसंबर में हुए चुनाव में जनता से कुत्तों से छुटकारा दिलाने का वादा किया था।

## 'अविमुक्तेश्वरानंद की रात में रेकी करते दिखे संदिग्ध'

### माघ मेले में शिष्यों ने बढ़ाई सुरक्षा, लगाए सीसीटीवी

### सुरक्षा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज । प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य की सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसके लिए शिष्यों ने कई सीसीटीवी कैमरे लगा दिए हैं. शिष्यों ने दावा किया है कि कई संदिग्ध लोग रात के अंधेरे में देखे गये हैं, जो कि रेकी करते हुए नजर आए हैं. इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं.

शिष्यों का कहना है कि प्रशासन की तरफ से रात के अंधेरे में आकर नोटिस चस्पा कर दिया जाता है. जिसके चलते कैमरे से सभी आने-जाने वालों पर निगरानी रखी जा रही है. सादी वर्दी में कई एलआईयू कर्मी (प्रदेश की खुफिया एजेंसी) व केंद्र की एजेंसियां निगरानी कर रही हैं. ऐसे में कौन आ व जा रहा है. इस पर निगरानी रखना जरूरी हो गया है. क्योंकि प्रशासन कब क्या कर दे? क्या रखवाकर फंसाने का काम कर दे, कुछ कहा नहीं जा सकता है। >> (शेष पेज 06 पर)



- भक्तों का दावा है कि कई संदिग्ध रात के अंधेरे में देखे गए हैं

## थरूर बोले-कांग्रेस के किसी भी स्टैंड का विरोध नहीं किया

तिरुवनंतपुरम । कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पार्लियामेंट में कांग्रेस के किसी भी स्टैंड का कभी भी विरोध नहीं किया। एकमात्र मुद्दा ऑपरेशन सिंदूर था, जिस पर सिद्धांत के आधार पर मेरा स्टैंड अलग था। थरूर ने कहा- इस मामले पर मैंने बहुत मजबूत स्टैंड लिया था। मैं इसके लिए कोई माफी नहीं मांगूंगा। पहलगाम की घटना के बाद, मैंने खुद इंडियन एक्सप्रेस में एक कॉलम लिखा था। मैंने इसमें कहा था कि ऐसी घटना को बिना सजा के नहीं छोड़ा जा सकता और इसका जवाब देना जरूरी है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने यह बातें शनिवार को कोझिकोड में आयोजित केरल लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान कहीं। वह वहां दर्शकों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

## गवर्नर गैर-बीजेपी सरकारों को परेशान करते हैं, उन्हें पीएम ऑफिस से ऑर्डर मिल रहे

# केंद्र सरकार राज्यपालों को कठपुतली बना रही : खड़गे

- खड़गे बोले- सरकार मनरेगा की जगह कमजोर कानून लाई

### आरोप

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हुबली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि PM ऑफिस और केंद्रीय गृह मंत्रालय गवर्नरों को निर्देश दे रहे हैं। खड़गे ने भाजपा सरकार पर कांग्रेस की सत्ता वाले और दूसरी गैर-BJP राज्य सरकारों को परेशान करने के लिए गवर्नरों को कठपुतली बनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कर्नाटक के हुबली में एक जनसभा के दौरान लोगों से आने वाले सभी चुनावों में BJP के खिलाफ वोट करने की अपील की और चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर तानाशाही शासन आ सकता है। खड़गे ने कहा कि राज्यपालों को कहा जाता है कि वे सिद्धारमैया या कांग्रेस सरकार द्वारा तैयार भाषण विधानसभा के जॉइंट सेशन में न पढ़ें। >> (शेष पेज 06 पर)



मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को हुबली में पीएम आवास योजना के तहत बने घरों के अलॉटमेंट लेटर जरूरतमंदों को बांटे।

**राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने केंद्र सरकार पर मनरेगा एक्ट को खत्म करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को अधिकार देने वाले कानून बनाए थे, जबकि मोदी सरकार ऐसे कानून ला रही है जो लोगों के अधिकार कम करते हैं।**

### कांग्रेस अध्यक्ष बोले- देश में हिटलर राज आएगा

उन्होंने आरोप लगाया, BJP को पावर से हटाने के लिए, आने वाले सभी चुनावों में, चाहे छोटे हों या बड़े, BJP के खिलाफ वोट करें। तभी गरीब, मिडिल क्लास, छोटे काम करने वाले लोग बच पाएंगे, नहीं तो इस देश में हिटलर, मुसोलिनी, सद्दाम हुसैन जैसा राज आएगा। आ गया है।

उन्होंने पूछा- मोदी सरकार ने देश के लिए क्या किया है? BJP ने कांग्रेस, नेहरू, इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की बुराई करने के अलावा कुछ नहीं किया है।

## फैसला : भारत में खेलने से इनकार किया था, आईसीसी ने उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया

# बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

ढाका । बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। दुबई में हुई बैठक के दौरान ICC के चेयरमैन जय शाह ने यह फैसला लिया। ICC ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी।

गुरुवार को ICC से दी गई 24 घंटे की डेडलाइन के बावजूद बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने से इनकार कर दिया, जिसके बाद ICC ने यह कदम उठाया।

भारत में मैच कराने के ICC के फैसले के खिलाफ बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने डिस्प्यूट रिजोल्यूशन कमेटी (DRC) में अपील दायर की थी, लेकिन उसे भी खारिज कर दिया गया। इस पूरे विवाद की शुरुआत बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को IPL से बाहर किए जाने के बाद हुई। इसके बाद BCB ने भारत में खेलना असुरक्षित बताते हुए टीम को भारत भेजने से मना कर दिया।


एक दिन पहले बांग्लादेश को उम्मीद थी कि PCB उसके समर्थन में टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगा। पाकिस्तानी बोर्ड (PCB) ने ICC बोर्ड मीटिंग में सपोर्ट भी किया, लेकिन टूर्नामेंट से हटने की बात नहीं कही। >> (शेष पेज 06 पर)



टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के ग्रुप स्टेज के मुकाबले कोलकाता और मुंबई में खेले जाने थे।

### हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं- बीसीबी

बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को नेशनल टीम के खिलाड़ियों के साथ ढाका में बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा, 'हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता अब भी बनी हुई है।



बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने दो दिन पहले ढाका में नेशनल प्लेयर्स के साथ बैठक करके यह साफ कर दिया था कि उनकी टीम भारत नहीं जाएगी।

## एसआईआर की चिंता में बंगाल में रोज चार आत्महत्याएं : ममता

### 110 से ज्यादा लोगों की मौत हुई

### दावा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि बंगाल में SIR की चिंता में हर रोज 3 से 4 लोग आत्महत्या कर रहे हैं। अब तक 110 से ज्यादा लोग मर चुके हैं।

40-45 लोग अस्पतालों में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। इतने साल बाद क्या हमें यह साबित करना पड़ेगा कि हम इस देश के नागरिक हैं?

ममता बनर्जी ने कोलकाता के रेड रोड पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के कार्यक्रम में ये बातें कहीं।

ममता बनर्जी ने बताया कि दिसंबर में जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 58 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। उन्होंने कहा कि राज्य में कुल 7.6 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 1.66 करोड़ मतदाताओं की नागरिकता को लेकर संदेह जताया गया है। उन्हें दस्तावेजों की दोबारा जांच के लिए सुनवाई का नोटिस भेजा गया है। >> (शेष पेज 06 पर)



- चुनाव आयोग और केंद्र सरकार जिम्मेदार : ममता

## एसआईआर में 'फातिमा' के घर में 'राधा' रह रहीं ■ पूरा केजीएमयू गिरा देना चाहिए

# मुख्यमंत्री नोएडा इंजीनियर की मौत के जिम्मेदार : अखिलेश



**बयान**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- नोएडा में साफ्टवेयर इंजीनियर की मौत के जिम्मेदार मुख्यमंत्री हैं। अगर डीएम को हटा दोगे तो वोटर लिस्ट ठीक नहीं हो पाएगी। कम से कम पुलिस अधिकारी को हटाना चाहिए था जिसकी वजह से जान गई। लेकिन लड़के के खिलाफ ही बोलने लगे। बीजेपी का ये चरित्र बहुत खराब है।



■ अखिलेश ने कहा- गोमती जितनी गंदी है, उतनी गंदी बीजेपी है।

> अखिलेश यादव ने कहा- बीजेपी सरकार ने डॉयल 100 को बर्बाद कर दिया, इसलिए नोएडा में इंजीनियर की जान गई। डॉयल 100 रिस्पांस सिस्टम बेहतर करने के लिए बनाया था। सबको एक एसओपी बनाकर दिया।

लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश ने वोटर लिस्ट पढ़ी- देखिए भगवान दास के घर में मोहम्मद अफजल का नाम। 'फातिमा' के घर में 'राधा' रह रहीं। कम से कम वोटरलिस्ट तो ये लोग सेक्युलर बना दे रहे हैं। KGMU में मजारों को तोड़ने पर कहा- KGMU की पूरी बिल्डिंग को गिरा देनी चाहिए, क्योंकि उसे क्रिश्चियन ने बनाया था। सपा मुख्यालय पर भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती भी मनाई गई। हमें इस बात की खुशी है कि शंकराचार्य डटे हुए हैं। एक एक सनातनी उनके साथ है। उन्होंने कम से कम नकली सनातनों की पोल खोल दी। हमारा उनसे सीधा संपर्क है। मैंने आजतक जाति नहीं देखी। किसी भी बीजेपी नेता के घर से पहली रोटी गाय को नहीं जाती है। हमारे यहां तो पहली रोटी गाय को जाती है। भारत रत्न जननायक कर्पुरी ठाकुर के जन्मदिन के मौके पर आज हम लोग बैठे। सबने मिलकर संकल्प लिया कि उन्होंने जो रास्ता दिखाया, साधारण परिवार से निकल कर सबसे महत्वपूर्ण स्थान पर पहुंचे, पीड़ित शोषित लोगों को न्याय दिलाया। बाबा साहेब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले समय में PDA की सरकार बनाकर न्याय की सरकार स्थापित करें। चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है। सरकार अपनी मनमर्जी से काम करा रही है। सरकार के लोग और बीजेपी क्या कह रही। कह रहे हम वोट कटवा देंगे आपके। चार करोड़ हमारे वोट कट गए, हम 20 हजार बढ़वा देंगे, हर बूथ पर इतने वोट बढ़वा लेंगे। सोचिए ऐसी स्थिति में इलेक्शन कमीशन पर कौन भरोसा करेगा। बाई इलेक्शन में लूट हुई थी। बूथ लूटा गया था। सीसीटीवी के फुटेज हैं। उसके बाद चुनाव आयोग ने फैसला किया कि कोई भी सीसीटीवी फुटेज नहीं दी जाएगी।

### जनगणना में बताएं कि कोविड वैक्सीन से कितने मरे

जनगणना में ये भी बताया जाए कि कोविड वैक्सीन से कितने लोगों की मौत हुई? ये प्वाइंट आना चाहिए। कैंसर, हार्ट अटैक के मामले क्यों बढ़े हैं। वैक्सीन लगने के बाद बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। सरकार को बदनामी से नहीं डरना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी किसी को काम नहीं करने दे रहे हैं। हर मंत्री परेशान है। बिजली विभाग बर्बाद हो गया है। हम लोग फायदा में लाए थे लेकिन उसे बर्बाद कर दिया गया।

## रोहतास ग्रुप की 350 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी अटैच

### ईडी ने लखनऊ समेत अन्य जगहों पर की कार्रवाई

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ में रियल एस्टेट के नाम पर निवेशकों से करोड़ों की ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने रोहतास प्रोजेक्ट लिमिटेड और उससे जुड़े मामलों में 158.85 करोड़ रुपए मूल्य की 77 संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है।

उनका मौजूदा बाजार मूल्य 350 करोड़ रुपए से अधिक आंका गया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के तहत की गई है।

ईडी ने इस मामले में 75 अचल और 2 चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। इनमें 141.21 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां शामिल हैं, जो रोहतास ग्रुप के प्रमोटर दीपक रस्तोगी, रोहतास ग्रुप की सहयोगी कंपनियों, वर्दान टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, कई बेनामी धारकों और आद्याये रियल्टी इंफ्रास्ट्रक्चर एलएलपी के नाम पर दर्ज हैं। ये सभी संपत्तियां लखनऊ में स्थित हैं। 17.64 करोड़ रुपए की चल संपत्तियां हाईनेस इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पाई गई हैं। ईडी ने यह जांच उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज की गई 83 एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। ये एफआईआर भारतीय दंड संहिता, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई थीं। जांच में सामने आया कि रोहतास प्रोजेक्ट लिमिटेड ने सुल्तानपुर रोड प्रोजेक्ट, रायबरेली रोड प्रोजेक्ट और रोहतास प्लूमेरिया जैसी टाउनशिप योजनाएं लॉन्च की थीं।

**फास्ट न्यूज**

### देवर ने भाभी के नहाने का वीडियो बनाया

लखनऊ। लखनऊ के जानकीपुरम इलाके में एक महिला ने रिश्ते के देवर के खिलाफ ब्लैकमेल करने का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है युवक ने उनका नहाने का वीडियो बना लिया। उससे ब्लैकमेल करके करीब 15 लाख रुपए की ज्वैलरी ले ली। गुडंबा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-जे जानकीपुरम निवासी पीड़ित महिला ने बताया कि उनके पति के बुआ का लड़का अजीत कुमार गौतम ने उनका नहाते समय का न्यूड वीडियो बना लिया।

### अविमुक्तेश्वरानंद मामले में लखनऊ में लगी होर्डिंग

लखनऊ । प्रयागराज की हालिया घटना को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता शरद शुक्ला ने होर्डिंग लगाकर धार्मिक और नैतिक संदर्भों के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी है। पोस्टर में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को 'परमाराध्य' बताते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया है। घटना को लेकर तीखी टिप्पणी की है।

मनुस्मृति का श्लोक उद्धृत करते हुए कहा गया है कि गुरु या वेदाचार्य का अपमान करने वाले को घोर परिणाम भुगतने पड़ते हैं।

### लखनऊ जेल में कैदी की मौत

बख्शी का तालाब । लखनऊ जिला कारागार में हत्या के मामले में सजा काट रहे एक कैदी की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कैदी शौचालय में अचेत अवस्था में मिला, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह कैदी रामकिशोर सिंह (59) शौचालय गए थे।

# जुपिटर हॉल में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे मुख्य अतिथि

तमसा संकेत, संवाददाता

■ पिछड़ा वर्ग, समाज कल्याण एवं अल्पसंख्यक विभागों द्वारा संयुक्त रूप से होगा छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम

लखनऊ । राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में 25 जनवरी, 2026 को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे, जो पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम में पंचायत राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण असीम अरुण सहित पंचायती राज, , पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी गरिमामयी उपस्थिति में प्रतिभाग करेंगे।

छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 जनवरी, 2026 को अपराह्न 04:30 बजे जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## एक भारत - श्रेष्ठ भारत की भावना के अनुरूप पांच राज्यों का संयुक्त आयोजन

# लोक भवन गुजरात में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का भव्य आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता




**सुशासन, सुरक्षा और किसान कल्याण से बदली उत्तर प्रदेश की पहचान**

**राज्यपाल आचार्य देवव्रत सहित विभिन्न राज्यों के गणमान्य रहे उपस्थित**

लखनऊ । गुजरात के लोक भवन में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने प्रतिभाग किया। एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करते हुए इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ असम, त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय का भी स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक और आपसी सौहार्द का सुंदर दृश्य देखने को मिला। अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि अपराध और गुंडागर्दी के खिलाफ सख्त कार्रवाई से प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुधार के माध्यम से आमजन को बेहतर सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि कभी "बीमारू राज्य" के रूप में पहचाने जाने वाले उत्तर प्रदेश ने आज उस छवि को पूरी तरह पीछे छोड़ दिया है।मंत्री श्री शर्मा ने अन्नदाता किसानों के कल्याण को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प के साथ सरकार निरंतर कार्य कर रही है। यह परिवर्तन प्रदेश की जनता के सहयोग, विश्वास और सहभागिता से संभव हुआ है, जिसने शासन को नई ऊर्जा और दिशा दी है। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने भी उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और प्रदेश की प्रगति की सराहना की।



### प्रदेश की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज हर क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा,ऊर्जा, स्वास्थ्य, निवेश, उद्योग और सुशासन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य में बेहतर बुनियादी ढांचे का विकास, निवेश के लिए अनुकूल वातावरण और पारदर्शी शासन व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर दिया है।

## सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास सदैव स्मरणीय रहेंगे

# जिला स्टेडियम कुशीनगर में मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, संवाददाता

कुशीनगर/लखनऊ। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जिला स्टेडियम, कुशीनगर में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद कुशीनगर के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उपस्थित जनसमूह को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभारी मंत्री के रूप में कुशीनगर आने से पूर्व नेपाल सीमा से सटे इस जनपद को लेकर कुछ आशंकाएं थीं, किंतु यहां आकर यह अनुभव हुआ कि कुशीनगर सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध जनपद है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास सदैव स्मरणीय रहेंगे।



उन्होंने विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि कजरी जैसी लोक विधाएं भले ही लुप्त होती जा रही हों, लेकिन बच्चों की प्रस्तुतियों से यह स्पष्ट है कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित हाथों में है। प्रभारी मंत्री ने कुशीनगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को खोजकर आगे बढ़ाने तथा जनपद के समग्र विकास के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया।

> कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा म न म ोह क सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र एवं डमी चेक के माध्यम से लगभग 16 करोड़ 4 लाख रुपये की धनराशि का वितरण मुख्य अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण भी किया।


> राज्यसभा सांसद कुंवर आर.पी.एन. सिंह ने उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुशीनगर जिस गति से विकास कर रहा है, उसमें आने वाले समय में और तेजी लाई जाएगी तथा केंद्र व राज्य सरकार के नेतृत्व में जनपद को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे ने कहा कि वर्ष 1950 में उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना हुई थी, लेकिन यूपी दिवस को औपचारिक रूप से मनाने की शुरुआत लगभग 70 वर्ष बाद हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सहित जिला प्रशासन के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# सबसे ऊंची बिल्डिंग 'नर्मदा' में बुकिंग शुरू

तमसा संकेत, एजेंसी



■ 29 मंजिला अपार्टमेंट में 300 लग्जरी फ्लैट्स होंगे, 1.4 करोड़ से कीमत शुरू

लखनऊ । लखनऊ के गोमती नगर विस्तार में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) सेक्टर-4 में नर्मदा अपार्टमेंट का निर्माण कराएगा। इसमें करीब 2100 वर्गफुट क्षेत्रफल के 300 लग्जरी फ्लैट्स और 12 पेंट हाउस बनाए जाएंगे। फ्लैटों की शुरुआती कीमत 1.4 करोड़ रुपए रखी गई है। यह 29 मंजिला अपार्टमेंट होगा। यह लखनऊ की सबसे ऊंची बिल्डिंग होगी। इसकी बुकिंग भी आज से शुरू हो गई है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने परियोजना को लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत 24 जनवरी से 23 फरवरी तक फ्लैटों के लिए पंजीकरण कराया जा सकेगा। पंजीकरण केवल एलडीए की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही होगा। एलडीए के मुताबिक फ्लैटों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा। पंजीकरण के लिए फ्लैट के अनुमानित मूल्य का 5 प्रतिशत धनराशि जमा करनी होगी, जबकि आरक्षित वर्ग के लिए यह राशि 2.5 प्रतिशत तय की गई है।


नर्मदा अपार्टमेंट का निर्माण करीब 12 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा। इसमें 90 मीटर ऊंचे कुल 3 टावर होंगे। परियोजना में 3BHK + स्टडी श्रेणी के 300 फ्लैट्स बनाए जाएंगे।

## रिकॉर्ड : ग्रीन एनर्जी से हर साल 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी

# 26 हजार से अधिक गांवों में पहुंचा 'हर घर जल'

■ ग्रामीण जीवन में बड़ा बदलावः ढाई करोड़ परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया गया

हेमन्त कृष्ण



तमसा संकेत, लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने जल जीवन मिशन के तहत एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए ग्रामीण पेयजल व्यवस्था में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। प्रदेश में अब तक 26,564 गांवों को ग्राम पंचायत की ओर से "हर घर जल" प्रमाणित किया जा चुका है। जबकि लगभग ढाई करोड़ ग्रामीण परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न सिर्फ ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में सुधार का प्रमाण है, बल्कि सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम माना जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में गांव-गांव तक पाइप पेयजल योजना को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। वर्तमान में 97 हजार से अधिक गांवों में पाइप पेयजल योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर नल से पानी पहुंचाने का लक्ष्य तेजी से साकार हो रहा है। प्रदेश सरकार ने पेयजल योजनाओं को दीर्घकालिक और किफायती बनाने के लिए सौर ऊर्जा आधारित मॉडल को प्राथमिकता दी है। आज उत्तर प्रदेश की 80 प्रतिशत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं ग्रीन एनर्जी पर आधारित हैं। इसके तहत अब तक 33 हजार से ज्यादा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं सौर ऊर्जा आधारित बनाई जा चुकी हैं, जिससे बिजली खर्च में कमी आई है। सोलर आधारित पेयजल योजनाओं से हर साल करीब 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आ रही है।

### केंद्रीय सचिव ने स्वचालन प्रणाली का किया गहन अवलोकन

केंद्र सरकार से आए सचिव अशोक कुमार मीना ने उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के अन्तर्गत संचालित विकास खण्ड-गोसाईगंज की चांद सराय ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। सचिव ने योजना की गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता, अत्यन्त स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित परिसर तथा सम्पूर्ण परियोजना के संचालन को उत्कृष्ट एवं आदर्श बताया। उन्होंने योजना के अन्तर्गत निर्मित ट्यूबवेल, पंप हाउस, ओवरहेड टैंक, 6 किमी से लंबी वितरण प्रणाली, 486 फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (एफएचटीसी), 17.50 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट, डीजी सेट तथा क्लोरिनेशन एवं स्वचालन प्रणाली का गहन अवलोकन किया, जिसके बाद परिसर में पौधरोपण भी किया गया। सचिव ने एफएचटीसी से लाभान्वित महिलाओं, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों, ग्राम प्रधान तथा पंप ऑपरेटर से बातचीत की। इस योजना की कुल लागत 260.95 लाख रुपए है।



**जल जीवन मिशन की यह बड़ी कामयाबी प्रदेश के ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य सुधार और महिला सशक्तिकरण से भी जुड़ी है। घर-घर नल से पानी पहुंचने से महिलाओं और बच्चों को पानी लाने की कठिनाई से मुक्ति मिली है, वहीं स्वच्छ पानी उपलब्ध होने से जलजनित बीमारियों में भी कमी दर्ज की जा रही है।**

# श्री खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई

तमसा संकेत, संवाददाता





लखनऊ, गोमतीनगर । गोमती-नगर विस्तार स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएँ की गईं।

मंदिर के संस्थापक एवं व्यवस्थापक अलंकार पाण्डेय 'आशु' ने बताया कि श्री खाटू श्याम जी की असीम कृपा से मंदिर समिति द्वारा सभी तैयारियाँ पूर्ण निष्ठा और श्रद्धा के साथ संपन्न की गईं। बसंत पंचमी के अवसर पर बाबा को पीतांबरी वस्त्र धारण कराए गए, जिसे प्रसाद स्वरूप सभी भक्तों में वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री के.के. अग्रवाल, श्री नमन अग्रवाल, श्री सर्वेश सिंह (पूर्व छात्र नेता, लखनऊ विश्वविद्यालय), अर्चना पाण्डेय, श्री सामर्थ अग्रवाल, शुभम मिश्रा, विशाल गुप्ता, राजीव तिवारी, अमित सिंह, अमन अग्रवाल, राजश्री पांडेय, रिशु सहित मंदिर के अनेक सेवादार उपस्थित रहे। अलंकार पाण्डेय 'आशु' ने आगे बताया कि आगामी 5 जून को मंदिर स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर भी भव्य आयोजन की तैयारियाँ मंदिर परिसर में उत्साहपूर्वक की जा रही हैं। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

> प्रसाद वितरण के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन मंदिर समिति द्वारा की गई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। इसके साथ ही प्रभु इच्छा अनुसार भंडारे एवं कीर्तन का आयोजन भी संपन्न हुआ।

# सीएम युवा योजना में जिले की उपलब्धि

## राज्य स्तर पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला को प्रशस्ति-पत्र

**प्रगति**

■ उत्तर प्रदेश दिवस पर उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए मिला राज्य स्तरीय सम्मान

**बृजेंद्र वीर सिंह**

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जनपद अम्बेडकरनगर के जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला को योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान जनपद द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में उच्च प्रगति और प्रशासनिक समन्वय के आधार पर प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में चयनित जिलों के जिलाधिकारियों को सम्मानित किया गया। अम्बेडकरनगर का नाम प्रदेश के उन चुनिंदा पांच जनपदों में शामिल रहा, जिन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में प्रभावी परिणाम प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का शुभारंभ 24 जनवरी 2024 को हुआ था। इसके अंतर्गत अम्बेडकरनगर जनपद को 2000 युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया था। प्रशासनिक प्रयासों के परिणामस्वरूप 1901 युवाओं को बिना ब्याज और बिना गारंटी ऋण प्रदान किया गया। इस वित्तीय सहायता के माध्यम से जनपद में 5000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजन हुआ है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में शामिल है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को अधिकतम पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है, साथ ही दस प्रतिशत अनुदान की सुविधा भी दी जाती है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1.50 लाख युवाओं का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 1,31,023 लाभार्थियों को कुल 5385.11 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका है।



### सम्मान को टीम वर्क का परिणाम बताया

सम्मान प्राप्त करने के बाद जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने इसे जनपद की प्रशासनिक टीम, बैंकिंग संस्थाओं और संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में योजना के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके।

### 93.20 प्रतिशत प्रगति

सीएम युवा योजना के अंतर्गत अम्बेडकरनगर जनपद ने लक्ष्य के सापेक्ष 93.20 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की। योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बैंकिंग संस्थाओं, उद्योग विभाग और अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर ऋण स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया को गति दी गई। जिला स्तर पर सतत निगरानी और समयबद्ध समीक्षा के चलते बड़ी संख्या में पात्र युवाओं को योजना का लाभ मिला।



**जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के नेतृत्व में जनपद स्तर पर योजना के क्रियान्वयन में नियमित समीक्षा, बैंक समन्वय बैठकें और लाभार्थियों की प्रगति पर निगरानी की गई। इसके चलते आवेदन प्रक्रिया से लेकर ऋण वितरण तक की समयसीमा में सुधार हुआ और लंबित मामलों की संख्या में कमी दर्ज की गई।**

# सस्ते सोने का झांसा देकर दो लाख की ठगी

**तमसा संकेत, संवाददाता**



■ राजेसुल्तानपुर क्षेत्र का मामला, तीन गिरफ्तार, एक फरार

अंबेडकरनगर। जिले के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र में सस्ते सोने का लालच देकर दो लाख रुपए की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस प्रकरण में डायल 112 पर तैनात दो सिपाहियों की संलिप्तता उजागर होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक ने दोनों सिपाहियों को तत्काल निलंबित करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में एक अन्य युवक को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी फरार है।

जानकारी के अनुसार गोरखपुर जनपद निवासी शिवम मिश्रा को एक युवक ने फोन कर 50 ग्राम सोना मात्र दो लाख रुपए में देने का प्रस्ताव दिया। आरोपी ने 13 जनवरी को देवरिया बाजार में रुपये लेकर आने को कहा। तय समय पर शिवम दो लाख रुपये लेकर देवरिया बाजार पहुंचे। वहां फोन पर संपर्क में रहे युवक ने राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के देवचंदपुर गांव निवासी वीरेंद्र वर्मा और प्रमोद कुमार को शिवम के पास भेजा। शिवम ने दोनों युवकों को दो लाख रुपये सौंप दिए और बदले में एक बैग प्राप्त किया। कुछ दूरी पर जाकर जब उसने बैग खोला तो उसमें सोने के बजाय नकली नोट भरे हुए थे। इसी दौरान बिना नंबर की बुलेट बाइक से दो सिपाही मौके पर पहुंचे। आरोप है कि सिपाहियों ने नकली नोट बरामद होने का भय दिखाकर शिवम को वहां से भगा दिया। घटना से घबराकर शिवम अपने घर लौट गया।

# कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य उत्तर प्रदेश दिवस समारोह

## विकास प्रदर्शनी और योजनाओं का व्यापक प्रदर्शन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकर नगर । उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस–2026 के अवसर पर शनिवार को जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य सूचना आयुक्त डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे और कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, लाभार्थियों और बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता रही। प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और छह माह आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। इस पहल को महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के रूप में देखा गया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक पहचान और निरंतर विकास यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि, उद्योग, कला, संस्कृति और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



### विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन

कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित विकास प्रदर्शनी और विभिन्न विभागों के स्टालों के उद्घाटन से हुई। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और एक जनपद–एक उत्पाद से जुड़े स्टालों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद, टेक्सटाइल, पीएम सूर्य घर योजना, बाल विकास एवं पुष्टाहार सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

## बाबा बरुआ दास पी.जी. कॉलेज में महिला खो-खो प्रतियोगिता का भव्य समापन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

हजपुरा,अम्बेडकर नगर। स्थानीय बाबा बरुआ दास पी.जी. कॉलेज, परुइय्या आश्रम में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की दो दिवसीय अन्तर्महाविद्यालयीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य समापन हुआ। रोमांच से भरपूर फाइनल मुकाबले में अवध विश्वविद्यालय (आवासीय परिसर) की टीम ने शानदार तकनीकी खेल का प्रदर्शन करते हुए आर.आर. पी.जी. कॉलेज, अमेठी को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि अमेठी की टीम उपविजेता रही।

फाइनल से पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में ग्रुप A से आर.आर. पी.जी. कॉलेज, अमेठी ने गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज, सुल्तानपुर को हराया, जबकि ग्रुप B में अवध विश्वविद्यालय कैंपस ने श्री विश्वनाथ पी.जी. कॉलेज, कलान को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले भी बेहद रोमांचक रहे और दर्शकों की तालियों से मैदान गूंज उठा।



समापन समारोह में विकास घोषणाओं की झड़ी भी लगी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय ने महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा हेतु 'महिला कॉमन रूम' बनवाने की घोषणा की। वहीं समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर वर्मा (साधू वर्मा) ने महाविद्यालय के मुख्य गेट से प्रवेश मार्ग को 'इंटर लॉकिंग' कराने का आश्वासन दिया, जिसका उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। श्री वर्मा ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया और कहा कि ग्रामीण अंचल में ऐसी प्रतियोगिताएं नारी सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण हैं।

# अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को चश्मा वितरण

## जिला मुख्यालय स्थित सीएचसी गणेश कृष्ण जेटली में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर । प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित गणेश कृष्ण जेटली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें दृष्टिबाधित स्कूली बच्चों की पूर्व में कराई गई जांच के आधार पर तैयार किए गए चश्मों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय उपस्थित रहे। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ नूर अहमद के साथ पात्र बच्चों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए। चश्मा पाकर बच्चों और उनके अभिभावकों में संतोष देखा गया।



चश्मा वितरण के दौरान बाल्मीकि उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बच्चों को आंखों की देखभाल के महत्व के बारे में जानकारी दी और दैनिक जीवन में आंखों की स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आंखें शरीर का महत्वपूर्ण अंग हैं, जिनकी नियमित देखभाल आवश्यक है। उन्होंने बच्चों से कहा कि रोजमर्रा की दिनचर्या में आंखों में जमी धूल को साफ पानी के छींटों से धोकर आंखों से जुड़ी समस्याओं से बचा जा सकता है। साथ ही स्क्रीन टाइम को सीमित रखने और पर्याप्त रोशनी में पढ़ाई करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ नूर अहमद ने बच्चों को संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आंखों के स्वास्थ्य के लिए गाजर और चुकंदर जैसी सब्जियों को नियमित आहार में शामिल करना उपयोगी होता है। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण और वंचित वर्ग के बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, ताकि उनकी दैनिक कार्यक्षमता, शैक्षणिक गतिविधियों और सामाजिक जीवन में सुधार हो सके।

# सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## स्कूली बच्चों को शैक्षणिक सामग्री, ग्रामीणों को हेल्पलाइन की जानकारी

**आयोजन**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर के थाना बेवाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोमिनपुर में मिशन शक्ति फेस–5.0 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर जानकारी प्रसारित करना और सरकारी सहायता प्रणालियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक रामबली सिंह यादव, महिला आरक्षी कविता यादव, आरक्षी धर्मेंद्र यादव और आरक्षी कृष्णचंद्र यादव ने रोस्टर के अनुसार स्कूली बच्चों को कॉपी, पेंसिल सहित शैक्षणिक सामग्री वितरित की। बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और सुरक्षित व्यवहार के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में साइबर अपराध से संबंधित बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए 1930 हेल्पलाइन की उपयोगिता पर विशेष चर्चा की गई। ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया दुरुपयोग और डिजिटल लेन-देन में सतर्कता बरतने के बिंदुओं को स्पष्ट किया गया। ग्रामीणों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बेवाना थानाध्यक्ष सर्वदमन सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति फेस–5.0 का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा को लेकर निरंतर संवाद स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं और बच्चे सहायता के उपलब्ध साधनों से परिचित रहें और आवश्यकता पड़ने पर निर्भीक होकर उनका उपयोग कर सकें।



**थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि थाना स्तर पर स्कूलों, गांवों और सार्वजनिक स्थलों पर ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे। पुलिस की प्राथमिकता है कि सुरक्षा से जुड़े संदेश अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और समाज में सहयोग आधारित सुरक्षित वातावरण विकसित हो।**

### चौपाल के माध्यम से सुरक्षा संबंधी जानकारी

ग्राम में चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों और बच्चों को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिला हेल्पलाइन 1090, महिला सहायता नंबर 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के उपयोग और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का त्वरित उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है।

## वाराणसी पुलिस ने दर्ज किया नेहा सिंह राठौर का बयान

वाराणसी । लोक गायिका नेहा सिंह राठौर का वाराणसी पुलिस ने बयान दर्ज कर लिया है। बीते दिनों लंका थाना पुलिस ने लखनऊ में उन्हें नोटिस रिसीव कराया था। इसके बाद वाराणसी के एक पांच सितारा होटल में लंका पुलिस की ओर से विवेचक दरोगा राकेश सिंह और आरक्षी रूपम ने उनका बयान लिया। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री को लेकर नेहा सिंह राठौर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी। इसी को आधार बनाकर लंका थाना क्षेत्र के साकेत नगर के रहने वाले सुधीर ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। लंका थाने के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा ने बताया - थाना लंका में 20 मई को हनुमान सेना के अध्यक्ष सुधीर सिंह ने नेहा सिंह राठौर पर प्रधानमंत्री की तुलना जनरल दायर से करने के मामले में एक FIR दर्ज कराई थी। इस मामले में विवेचक द्वारा तीन बार लखनऊ पहुंचकर नेहा सिंह राठौर को अपना पक्ष रखने के लिए उपस्थित होने की नोटिस चस्पा की गई थी।

# पत्रकार पर हुए हमले का मामला दर्ज आरोपी फरार

## अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई घटना, पुलिस ने तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर । अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में पत्रकार पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप 23 जनवरी की शाम करीब सात बजे इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के निवासी पत्रकार अखंड प्रताप सिंह के साथ मारपीट की घटना सामने आई थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर अकबरपुर कोतवाली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि मामला मारपीट का है, जबकि पीड़ित पत्रकार ने इसे जानलेवा हमला बताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है, हालांकि अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसी रात आरोपी के घर दबिश दी थी, लेकिन आरोपी मौके से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। मामले में अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है, ताकि घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। मारपीट में घायल पत्रकार को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया।




### रंजिश में हमला करने का आरोप

पीड़ित पत्रकार का आरोप है कि बैरमपुर निवासी गोलू पांडे ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। पत्रकार के अनुसार, पूर्व में गोलू पांडे के साथ हुई मारपीट के मामले में उनके द्वारा इब्राहिमपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके अलावा, इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र में एक राशन कोटे की दुकान से जुड़े मामले में समाचार प्रकाशित किया गया था, जिससे आरोपी पक्ष में नाराजगी थी। पीड़ित का कहना है कि इसी रंजिश के चलते पिंटू शुक्ला के इशारे पर हमला किया गया।

## गणतंत्र दिवस परेड की फाइनल रिहर्सल का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर । गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस परेड-2026 की फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड की संपूर्ण व्यवस्थाओं, अनुशासन और प्रदर्शन की बारीकी से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों की ड्रिल, पंक्तिबद्धता और तालमेल का अवलोकन किया। उन्होंने परेड की सटीकता और अनुशासन को बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह सुव्यवस्थित और निर्विघ्न रूप से संपन्न कराया जा सके।

फाइनल रिहर्सल के दौरान पुलिस बल, महिला प्रबला दस्ता सहित अन्य टुकड़ियों ने अनुशासित और समन्वित प्रदर्शन प्रस्तुत किया। परेड में कदमताल, सलामी और सामूहिक अभ्यास में एकरूपता देखने को मिली। निरीक्षण के दौरान आवश्यक बिंदुओं पर सुधार के निर्देश भी दिए गए, ताकि आयोजन के दिन किसी प्रकार की कमी न रहे।



निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय आयोजनों में परेड अनुशासन, समर्पण और टीमवर्क का प्रतीक होती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से पुलिस बल में पेशेवर प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी की भावना और अधिक सुदृढ़ होती है। उन्होंने अधिकारियों और जवानों से समारोह को सफल बनाने के लिए पूरी तत्परता से जुटे रहने को कहा।

रिहर्सल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, परेड ग्राउंड की व्यवस्थाएं, मंच संचालन और समन्वय से जुड़े पहलुओं की भी समीक्षा की गई।

**प्रेरणा : भाषण, नुक्कड़ नाटक और रील प्रतियोगिता के माध्यम से दिया गया सुरक्षा का संदेश**

# रमाबाई महिला महाविद्यालय में हुआ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर । रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर में 24 जनवरी 2026 को शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक तथा रील प्रतियोगिता शामिल रही। आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों से आए लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों और सावधानीपूर्ण व्यवहार को लेकर संदेश प्रस्तुत किए गए।



नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। आदर्श कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बरुआ जलाकी की टीम द्वितीय तथा बाबा बरुआ दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, परुईया आश्रम की टीम तृतीय स्थान पर रही। नाटकों के माध्यम से हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और मोबाइल फोन के प्रयोग से होने वाले जोखिमों को दर्शाया गया। रील प्रतियोगिता में अंशिका पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्चना को द्वितीय और रितिका को तृतीय स्थान मिला। प्रतिभागियों ने डिजिटल माध्यम का उपयोग करते हुए सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए।

### प्रतियोगिताएं आत्म-मूल्यांकन का अवसरः प्राचार्य

प्रतियोगिताओं के उद्घाटन और समापन अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य को पहचानने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं ज्ञान और कौशल को प्रस्तुत करने का मंच देती हैं और आत्म-मूल्यांकन का माध्यम भी बनती हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को निरंतर सीखते रहने और चुनौतियों से पीछे न हटने की प्रेरणा दी।

### भाषण प्रतियोगिता में अंशिका पांडेय प्रथम

भाषण प्रतियोगिता में रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय की अंशिका पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाबा बरुआ दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, परुईया आश्रम की शिक्षा द्विवेदी को द्वितीय स्थान मिला, जबकि भानमती स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर के रवि किशन पटेल तृतीय स्थान पर रहे। प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विषयों पर तथ्यपरक और जागरूकता आधारित विचार प्रस्तुत किए।

# पुरानी रंजिश में ग्राम प्रधान की पुत्री पर चाकू से हमला

## अकबरपुर के हरिश्चंद्रपुर गांव की घटना

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर । अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरिश्चंद्रपुर में पुरानी रंजिश को लेकर ग्राम प्रधान की पुत्री पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बीती मध्यरात्रि करीब साढ़े बारह बजे चार लोगों ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवती का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। हरिश्चंद्रपुर गांव के शैलेन्द्र ग्राम प्रधान हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में गांव के सिकंदर, उसके पिता बुधिराम, भाई फूलकुमार और एक अज्ञात व्यक्ति को नामजद किया है। ग्राम प्रधान के अनुसार घटना के पीछे आवास योजना और अन्य सरकारी सुविधाओं को लेकर चल रही पुरानी रंजिश है।


ग्राम प्रधान ने बताया कि उनके प्रधान बनने के बाद से ही गांव का सिकंदर उन पर आवास सहित अन्य सरकारी सुविधाएं दिलाने का दबाव बना रहा था। पात्रता की जांच में उसका नाम सूची में शामिल न होने पर दो वर्ष पहले आवास देने से इनकार कर दिया गया था। इसके बाद से ही वह आए दिन नशे की हालत में विवाद करता आ रहा था।



ग्राम प्रधान का कहना है कि इससे पूर्व भी आरोपी सिकंदर द्वारा कई बार विवाद किया गया। करीब एक माह पहले उसने लोहे की रॉड से हमला करने का प्रयास किया था, लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों और ग्राम प्रधान ने उसे पकड़कर रॉड छीन ली थी।

# सम्पादकीय

## ट्रंप की निजी जागीर, बोर्ड ऑफ पीस का नियंत्रण कनाडा से लिया वापस



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी ओर से गठित बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का निमंत्रण कनाडा से जिस तरह वापस लिया, वह उनके अस्थिर और मनमाने व्यवहार का ताजा उदाहरण है। इस बोर्ड के गठन का उद्देश्य इजरायली हमले में तबाह हुए गाजा का विकास करना है। ट्रंप ने करीब 60 देशों को इसमें शामिल होने का निमंत्रण दिया था, जिनमें भारत भी है।

पिछले दिनों दावोस में उन्होंने 19 देशों के साथ इस बोर्ड की औपचारिक शुरुआत भी कर दी, लेकिन उसके कुछ ही घंटों बाद कनाडा को उससे बाहर भी कर दिया। ट्रंप ने यह फैसला कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के दावोस में ही दिए गए उस संबोधन से खफा होकर लिया, जिसमें उन्होंने महाशक्तियों की मनमानी की पोल खोलते हुए अमेरिका को खास तौर पर खरी-खरी सुनाई थी। इस संबोधन ने इसलिए दुनिया भर का ध्यान खींचा, क्योंकि इसमें यह साफ कहा गया था कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली देशों की ओर से बनाई गई नियम आधारित विश्व व्यवस्था आंशिक रूप से झूठी थी।

कार्नी का यह भी कहना था कि जब अमेरिका मनमानी कर रहा है, तब अन्य देशों को एकजुट होना होगा। स्पष्ट है कि ट्रंप को यह रास नहीं आया। वे उनसे इसलिए भी चिढ़े हुए हैं, क्योंकि उन्होंने चीन से संबंध सुधारने की पहल की है।

ट्रंप ने जिस तरह कनाडा को बोर्ड ऑफ पीस से बाहर किया, उससे इसकी ही पुष्टि होती है कि यह निकाय उनकी निजी जागीर है और इसे वह मनमाने तरीके से ही चलाने वाले हैं। वे इसके जरिये कथित तौर पर केवल गाजा का ही विकास करने की बातें नहीं कर रहे हैं, बल्कि अन्य संघर्षों से निपटने के लिए भी इसका इस्तेमाल करने के संकेत दे रहे हैं। आखिर जो काम संयुक्त राष्ट्र को करना चाहिए, उसे ट्रंप अपनी आजीवन अध्यक्षता वाले बोर्ड से क्यों करना चाहते हैं?

चूंकि वे ऐसे ही इरादे जता रहे हैं, इसलिए इस बोर्ड से अधिकांश प्रमुख देशों ने दूरी बना रखी है। यह एक तरह से ट्रंप को दी जाने वाली चुनौती है। फिलहाल भारत भी बोर्ड ऑफ पीस से दूर है। यह ठीक भी है, क्योंकि इसमें वह पाकिस्तान भी शामिल है, जो आतंकवाद के साथ उस हमास का भी समर्थक है, जिसने इजरायल पर भीषण आतंकी हमला किया था। इस हमले के जवाब में ही इजरायल ने गाजा में विध्वंसक कार्रवाई की। चिंताजनक केवल यह नहीं है कि ट्रंप अंतरराष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ाने के साथ संयुक्त राष्ट्र समेत अन्य वैश्विक संस्थाओं से अमेरिका को अलग करते जा रहे हैं, बल्कि यह भी है कि वे बोर्ड ऑफ पीस सहित अपनी कई पहलों से यह जता रहे हैं कि दुनिया उनके हिसाब से ही चले। इसी कारण उनकी साख रसातल में है और उनके प्रति संशय बढ़ता जा रहा है।

# गाजा बोर्ड ऑफ पीस पर वैश्विक कशमकश के मायने

> देखा जाए तो भारत गाजा बोर्ड ऑफ पीस पर रणनीतिक चुप्पी अपनाए हुए है, जो बहुपक्षीय संस्थाओं को प्राथमिकता और संतुलित कूटनीति को दर्शाता है। भारत का यह रुख फिलिस्तीन समर्थन, इसराइल के साथ मजबूत संबंधों और यूएन सुधारों पर जोर को अधिक संतुलित करता है।



गाजा बोर्ड ऑफ पीस अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक महत्वाकांक्षी पहल है जो गाजा संघर्ष को सुलझाने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर शांति स्थापना का एक नया मॉडल प्रस्तुत करती है। चूंकि यह बोर्ड संयुक्त राष्ट्र संघ के पारंपरिक ढांचे से बाहर काम करने का अदद प्रयास है, जिससे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नई बहस छिड़ गई है। खासकर वैश्विक कशमकश बढ़ चुकी है, जिसके वैश्विक प्रभाव आने वाले वक्त में महसूस किए जाएंगे।

सवाल है कि आखिर अपनी ही बनाई पुरानी विश्व व्यवस्था की अनदेखी करते हुए अमेरिका बिल्कुल नई तरह की विश्व व्यवस्था क्यों बनाना चाहता है? ब्रेक के बाद वह अपनी ही नीतियों को क्यों बदल देता है। आखिर वह शेष दुनिया को अमेरिकी मुगालते में क्यों रखना चाहता है? आखिर चीन, रूस, भारत, फ्रांस, जर्मनी, नॉर्वे, स्वीडन जैसे कद्दावर देश ऐसे पीस बोर्ड से दूरी क्यों बनाए हुए हैं? खास बात यह कि आखिर गाजा बोर्ड ऑफ पीस के अंतर्राष्ट्रीय मायने क्या हैं? और इसके पीछे के वैश्विक निहितार्थ से किसको क्या फायदा और क्षति होने के कयास लगाये जा रहे हैं? आइए सबसे पहले इस बोर्ड के स्वरूप को जान लेते हैं। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 2025 में इसकी शुरुआत की जहां खुद ही वे ही यानी पदेन अमेरिकी राष्ट्रपति इसके प्रमुख होंगे और अन्य सदस्य देश तीन-तीन साल के लिए चुने जाएंगे। वहीं, इसकी स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर का योगदान जरूरी है जबकि कार्यकारी बोर्ड में मार्को रुबियो, जेरेड कुशनर जैसे नाम शामिल हैं। यह बोर्ड गाजा के पुनर्निर्माण, प्रशासन और क्षेत्रीय समन्वय पर केंद्रित है। अलबत्ता, इसके गठन को लेकर जो वैश्विक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं उसमें अमेरिका के पिछलग्गू देश यानी पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, तुर्की, यूएई जैसे 35 से अधिक देशों ने इसमें अपनी भागीदारी की पुष्टि की है जबकि चीन, फ्रांस, नॉर्वे, स्वीडन ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताकर खारिज कर दिया है। खास बात यह है कि भारत जैसे अहम वैश्विक खिलाड़ी ने फिलिस्तीन समर्थन और यूएन-आधारित दो-राज्य समाधान की नीति के चलते अभी इस पर चुप्पी साध रखी है। जहां तक गाजा पीस बोर्ड के भविष्य के निहितार्थ की बात है तो यह बोर्ड यूएनएससी के समानांतर वैकल्पिक तंत्र बन सकता है जो वैश्विक संघर्षों में मध्यस्थता करेगा। क्योंकि इसे यूएनओ ने 2027 तक सीमित मान्यता दी है, लेकिन रूस-चीन की असहमति से विवाद बढ़ा है। जबकि भारत जैसे उभरते गुटनिरपेक्ष देशों के लिए यह कूटनीतिक संतुलन की परीक्षा की घड़ी है। यही वजह है कि गाजा बोर्ड ऑफ पीस की अंतरराष्ट्रीय वैधता सीमित और विवादास्पद बनी हुई है क्योंकि यह यूएनएससी प्रस्ताव 2803 (2025) से 2027 तक की अस्थायी मंजूरी पर टिकी है। देखा गया कि रूस-चीन जैसे देशों की असहमति से इसकी वैश्विक स्वीकार्यता कमजोर है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून पर सवाल उठाती है। जहां तक इसकी वैधता के आधार की बात है तो यूएनएससी ने इसे गाजा पुनर्निर्माण और विसैन्यीकरण के लिए अंतरिम वैधता प्रदान की, लेकिन यूएनओ के पूर्ण नियंत्रण के बिना। मसलन, बोर्ड को ₹अंतरराष्ट्रीय कानूनी व्यक्तित्व₹ दिया गया, जो फिलिस्तीनी तकनीशियनों की समिति और बहुराष्ट्रीय शांति बल के माध्यम से कार्य करता है। हालांकि, सदस्य चयन और जवाबदेही की कमी से इसकी आलोचना भी हो रही है। जहां तक गाजा पीस बोर्ड के संभावित प्रभाव की बात है तो यह यूएनओ के समानांतर तंत्र के रूप में यूएनओ की एकाधिकार को चुनौती दे सकता है, खासकर वैश्विक संघर्षों में। वहीं, ट्रंप की आजीवन अध्यक्षता जैसी संरचना से लंबे समय में वैधता संकट गहरा सकता है जबकि भारत जैसे देशों की चुप्पी से बहुपक्षीय संस्थाओं की प्रासंगिकता पर बहस तेज हो रही है। कहना न होगा कि रूस और चीन का गाजा बोर्ड ऑफ पीस में असहयोग अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को कमजोर करता है, लेकिन बोर्ड की वैधता को पूरी तरह समाप्त नहीं करता।

दरअसल यह असहमति बहुपक्षीय संस्थाओं की प्रासंगिकता पर सवाल उठाती है और वैकल्पिक गठबंधनों को बढ़ावा दे सकती है। जहां तक इस बोर्ड के कानूनी आधार की बात है तो रूस-चीन ने बोर्ड को यूएन चार्टर के अनुच्छेद 2(4) के तहत ₹शक्ति राजनीति₹ का माध्यम बताकर खारिज किया, जो क्षेत्रीय संप्रभुता के हस्तक्षेप को प्रतिबंधित करता है। यूएनएससी प्रस्ताव 2803 की अस्थायी मंजूरी के बावजूद, इनकी वीटो शक्ति से स्थायी वैधता अवरुद्ध हो सकती है।

जहां तक गाजा पीस बोर्ड के अंतरराष्ट्रीय निहितार्थ की बात है तो यह बोर्ड को ₹सॉफ्ट पावर₹ तंत्र तक सीमित रखेगा जहां अमेरिकी प्रभाव वाले देश ही मान्यता देंगे। जबकि लंबे समय में, यह अंतर-राष्ट्रीय न्यायालय में चुनौतियां जन्म दे सकता है, जैसे फिलिस्तीन या प्रभावित देशों द्वारा ICJ में अपील पहल संभव है। वहीं, भारत जैसे तटस्थ देशों को भी अतिरिक्त कूटनीतिक दबाव झेलना पड़ेगा। दरअसल भारत की चुप्पी के कारण हैं, क्योंकि वह डांवांडोल अमेरिकी कूटनीति पर ज्यादा एतबार नहीं कर सकता है। भारत के साथ अमेरिकी नीतिगत चालबाजी के चलते ही इंडिया ने दावोस 2026 में गाजा बोर्ड ऑफ पीस के लॉन्च में भाग नहीं लिया क्योंकि यह यूएन प्रस्तावों पर आधारित दो-राज्य समाधान से भटकता दिखता है। चूंकि पीएम मोदी ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत जैसे जी-फोर (G4) देशों के साथ यूएनएससी विस्तार पर फोकस कर रहे हैं, न कि अमेरिकी वैकल्पिक तंत्र पर। इसलिए भी भारत ने इससे दूरी दिखाई है। इसके अलावा, इस बोर्ड में अमेरिकी पिल्ले पाकिस्तान की भागीदारी से भी भारत को क्षेत्रीय संतुलन की चिंता है। इसलिए भारत भविष्य की रणनीति पर बल दे रहा है। अपनी इसी कूटनीति के तहत भारत यूएन सुधारों को आगे बढ़ाते हुए ग्लोबल साउथ की आवाज मजबूत करेगा, और गाजा बोर्ड ऑफ पीस को अप्रत्यक्ष रूप से निगरानी में रखेगा। वहीं, यदि यह बोर्ड वैश्विक संघर्षों में विस्तार चाहेगा, तो भारत तटस्थता बनाए रखकर ICJ या यूएन मंचों पर सक्रिय हो सकता है। इसप्रकार भारत की यह ₹रणनीतिक स्वायत्तता₹ वाली नीति उसकी लंबी परंपरा को मजबूत करती है। कुलमिलाकर भारत की गाजा बोर्ड ऑफ पीस पर चुप्पी रणनीतिक स्वायत्तता और बहुपक्षीय कूटनीति को मजबूत करने की नीति का हिस्सा है। भारत का यह रुख फिलिस्तीन समर्थन, इसराइल के साथ सैन्य सहयोग और अमेरिकी दबाव से संतुलन बनाए रखने के लिए अपनाया गया है। जहाँ तक ऐतिहासिक फिलिस्तीन नीति की बात है तो भारत ने 1947 से फिलिस्तीन के आत्मनिर्णय और दो-राज्य समाधान का समर्थन किया है, जो यूएन प्रस्तावों पर आधारित है।

**– कमलेश पांडेय**

# दृढ़ संकल्प से आधुनिकता की ओर

आज हम सभी उत्तर प्रदेशवासी पूरे हर्षोउल्लास और गर्व के साथ उत्तर प्रदेश दिवस मना रहे हैं। नौ जलवायु क्षेत्रों से आच्छादित, विविधताओं से समृद्ध और असीम संभावनाओं वाला हमारा प्रदेश भारत की सांस्कृतिक आत्मा का उद्गम, आध्यात्मिक चेतना का केंद्र और आर्थिक सामर्थ्य की आधारशिला रहा है। कृषि, उद्योग और पर्यटन की अपार क्षमताओं के साथ हमारा प्रदेश आज युवा शक्ति, प्रतिभा और उद्यमशीलता का एक जीवंत केंद्र बना है। 2017 उत्तर प्रदेश के इतिहास में परिवर्तन के लिए निर्णायक सिद्ध हुआ। इससे पहले संगठित अपराध और सत्ता के संरक्षण में पनपे माफिया तंत्र के कारण आम नागरिक और निवेशक, दोनों का विश्वास डगमगा चुका था। 'बीमारू' प्रदेश की छवि उत्तर प्रदेश की वास्तविक क्षमता और संभावनाओं पर भारी पड़ रही थी। 2017 में सरकार बनने के बाद हमने 'जीरो टालरेंस' की नीति को दृढ़ संकल्प के साथ पूरे प्रदेश में लागू किया। जहां कभी कर्फ्यू-दंगे सामान्य माने जाते थे, वहां आज शांति, स्थिरता और विश्वास का वातावरण है। यही सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण आज उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा की सबसे मजबूत नींव बना है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को प्रदेश में पूरी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ लागू किया गया। डबल इंजन सरकार के सतत् और समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने 'बाटलनेक से ब्रेकथ्रू', 'रेवेन्यू डेफिसिट से रेवेन्यू सरप्लस' और 'उपद्रव से उत्सव' की ऐतिहासिक यात्रा तय की है। आज उत्तर प्रदेश भारत के विकास का 'ग्रोथ इंजन' बन चुका है। अयोध्या की मर्यादा, काशी की शाश्वत चेतना, ब्रजधाम की भक्ति और प्रयागराज की समरसता ने युगों से भारत की सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन के लिए किए गए सतत् प्रयासों ने सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हुए प्रदेश के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**योगी आदित्यनाथ**

## डिजिटल युग में निजता...

डा वीरेन्द्र भाटी मंगल

# बढता निजता का संकट चिंताजनक

> तकनीकी कंपनियों को भी नैतिक जिम्मेदारी निभानी होगी। 'प्राइवेसी बाय डिजाइन' जैसे सिद्धांतों को अपनाकर ऐसे प्लेटफॉर्म विकसित किए जाएं जो न्यूनतम डेटा संग्रह करें और उपयोगकर्ता को अपने डेटा पर नियंत्रण दें। पारदर्शिता, सहमति और सुरक्षा को प्राथमिकता देना समय की मांग है।

डिजिटल युग ने मानव जीवन को अभूतपूर्व सुविधाएं प्रदान की हैं। संचार, शिक्षा, व्यापार, मनोरंजन और प्रशासन-हर क्षेत्र में तकनीक ने गति, सरलता और पहुंच बढ़ाई है। स्मार्टफोन, इंटरनेट, सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने दुनिया को एक 'ग्लोबल विलेज' में बदल दिया है किंतु इस तेजी से बदलती डिजिटल दुनिया में एक गहरा और गंभीर संकट उभर कर सामने आया है ''निजता का संकट''। आज व्यक्ति का निजी जीवन, उसकी पसंद-नापसंद, विचार, व्यवहार और यहां तक कि उसकी गतिविधियां भी डिजिटल निगरानी के दायरे में आ गई हैं। निजता मानव अधिकारों का एक मूल तत्व है। यह व्यक्ति को स्वतंत्रता, गरिमा और आत्मनिर्णय का अधिकार देती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत निजता को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का अभिन्न हिस्सा माना गया है लेकिन डिजिटल तकनीकों के प्रसार के साथ यह अधिकार लगातार संकुचित होता जा रहा है। हर क्लिक, हर सर्च, हर लाइक और हर लोकेशन डेटा के रूप में दर्ज हो रहा है। व्यक्ति अनजाने में ही अपनी निजता को सार्वजनिक मंचों पर उजागर कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म निजता के संकट का सबसे बड़ा उदाहरण हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स



(ट्विटर), व्हाट्सएप जैसे मंचों पर लोग अपने व्यक्तिगत जीवन के पल साझा करते हैं। फोटो, वीडियो, विचार और भावनाएँ सार्वजनिक हो जाती हैं। कई बार यह जानकारी केवल मित्रों तक सीमित न रहकर कंपनियों, विज्ञापनदाताओं और यहाँ तक कि अज्ञात लोगों तक पहुँच जाती है। डेटा एनालिटिक्स और एल्गोरिदम के माध्यम से उपयोगकर्ताओं की मानसिकता, रुचियों और व्यवहार का विश्लेषण किया जाता है जिससे लक्षित विज्ञापन और राजनीतिक प्रभाव संभव हो जाता है। डिजिटल निजता के संकट का एक अन्य गंभीर पहलू है ''डेटा संग्रह और निगरानी''। मोबाइल एप्लिकेशन, ऑनलाइन सेवाएं और वेबसाइटें उपयोगकर्ताओं से अनिवार्य रूप से डेटा एकत्र करती हैं। अक्सर उपयोगकर्ता बिना शर्तें पढ़े स्वीकार पर क्लिक कर देता है। परिणामस्वरूप उसकी संपर्क सूची, लोकेशन, कैमरा, माइक्रोफोन और व्यक्तिगत जानकारी तक पहुंच मिल जाती है। यह डेटा कहां संग्रहित होता है, कैसे उपयोग किया जाता है और कितने समय तक रखा जाता है इसकी स्पष्ट जानकारी आम नागरिक को नहीं होती।

सरकारी और कॉर्पोरेट निगरानी भी निजता के संकट को गहरा करती है। सुरक्षा और सुविधा के नाम पर सीसीटीवी कैमरे, फेस रिकग्निशन तकनीक, बायोमेट्रिक डेटा और डिजिटल पहचान प्रणालियाँ विकसित की जा रही हैं। यद्यपि इनका उद्देश्य अपराध नियंत्रण और सेवा वितरण है लेकिन इनके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि निगरानी बिना पारदर्शिता और जवाबदेही के हो, तो यह नागरिक स्वतंत्रता के लिए खतरा बन सकती है। साइबर अपराध निजता के हनन का एक और भयावह रूप है। डेटा चोरी, हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी और ऑनलाइन ठगी की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं। व्यक्तिगत फोटो और वीडियो का दुरुपयोग, साइबर स्टॉकिंग और ब्लैकमेलिंग जैसी घटनाएँ मानसिक और सामाजिक क्षति का कारण बनती हैं। विशेषकर महिलाएँ और बच्चे इस खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील हैं।

डिजिटल युग में निजता का संकट केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक चुनौती भी है। उपभोक्तावाद और 'सब कुछ साझा करने' की संस्कृति ने निजता की सीमाओं को धुंधला कर दिया है। लोग स्वयं ही अपनी निजी जानकारी सार्वजनिक कर देते हैं, बिना इसके दीर्घकालिक परिणामों पर विचार किए। डिजिटल साक्षरता की कमी भी इस संकट को बढ़ाती है। इस चुनौती से निपटने के लिए बहुस्तरीय प्रयास आवश्यक हैं। सबसे पहले, ''मजबूत डेटा संरक्षण कानूनों'' की आवश्यकता है, जो नागरिकों की निजी जानकारी को सुरक्षित रखें और कंपनियों व संस्थानों की जवाबदेही सुनिश्चित करें। भारत में डेटा संरक्षण से जुड़े प्रयास इस दिशा में एक कदम हैं, लेकिन इनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देना होगा। दूसरे, नागरिकों में ''डिजिटल जागरूकता'' बढ़ाना आवश्यक है, ताकि वे अपनी जानकारी साझा करने में सतर्क रहें और साइबर सुरक्षा के मूल नियमों का पालन करें।

## वैदिक साहित्य...

डा. विनोद बब्बर

# विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक गणतंत्र है भारत

गणतंत्र दिवस 'गण' और 'तंत्र' के सबंधों की पड़ताल करने का अवसर है। इस बात पर गर्व करने का अवसर भी कि विश्व को गणतंत्र की अवधारणा हमने दी। हजारों वर्ष पहले भी भारतवर्ष में अनेक गणराज्य थे, जहाँ शासन व्यवस्था अत्यंत सुदृढ़ थी और जनता सुखी थी। गण शब्द का अर्थ संख्या या समूह से है। गणराज्य या गणतंत्र का शाब्दिक अर्थ संख्या अर्थात बहुसंख्यक का शासन है। इस शब्द का प्रयोग ऋग्वेद में चालीस बार, अथर्व वेद में नौ बार और ब्राह्मण ग्रंथों में अनेक बार किया गया है। वहाँ यह प्रयोग जनतंत्र तथा गणराज्य के आधुनिक अर्थों में ही किया गया है। वैदिक साहित्य में, विभिन्न स्थानों पर किए गए उल्लेखों से यह जानकारी मिलती है कि उस काल में अधिकांश स्थानों पर हमारे यहाँ गणतंत्रीय व्यवस्था ही थी। कालांतर में, उनमें कुछ दोष उत्पन्न हुए और राजनीतिक व्यवस्था का झुकाव राजतंत्र की तरफ होने लगा। ऋग्वेद के एक सूक्त में प्रार्थना की गई है कि समिति की मंत्रणा एकमुख हो, सदस्यों के मत परंपरानुकूल हों और निर्णय भी सर्वसम्मत हों। कुछ स्थानों पर मूलतः राजतंत्र था, जो बाद में गणतंत्र में परिवर्तित हुआ। महाभारत के सभा पर्व में अर्जुन द्वारा अनेक गणराज्यों को जीतकर उन्हें कर देने वाले राज्य बनाने की बात आई है। महाभारत में गणराज्यों की व्यवस्था की भी विशद विवेचना है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी लिच्छवी, बृजक, मल्लक, मदक और कम्बोज आदि जैसे गणराज्यों का उल्लेख मिलता है। उनसे भी पहले पाणिनी ने कुछ गणराज्यों का वर्णन अपने व्याकरण में किया है। आगे चलकर



यूनानी राजदूत मेगास्थनीज ने भी क्षुदक, मालव और शिवि आदि गणराज्यों का वर्णन किया। लंबी गुलामी के बाद आजादी के नाम थोपे गए देश विभाजन, विश्व के सबसे बड़े रक्तपात की पीड़ा और उत्पाती पड़ोसी प्राप्त होने के बाद 26 जनवरी 1950 को लोकतांत्रिक गणतंत्र बने भारत ने पिछले 76 वर्षों में अनेक झंझावतों को झेला है। सांस्कृतिक वैचारिक हमलों से खाद्यान्न के अभाव का दौर भी देखा। आयातित घटिया लाल गेहूं के दिनों को पीछे छोड़ते हुए हमने न केवल आत्मनिर्भरता हासिल की बल्कि निर्यात भी किया और खुले में पड़ी अनाज की हजारों बोरियों को बर्बाद होते भी चुपचाप देखा। आज स्थिति यह है कि हमारे पास अनाज रखने की पर्याप्त जगह नहीं है। शायद इसीलिए देश के 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। हमारे वैज्ञानिकों ने चांद पर भारतीय कदमों के निशान अंकित करने सहित अनेक चमत्कार कर दिखाये तो आज हमारी सूचना प्रौद्योगिकी का लोहा सारी दुनिया मानती है। बैलगाड़ी युग से रेलगाड़ी के बाद तीव्रगामी वाहनों और विश्वस्तरीय सड़के भारत की पहचान बन चुकी हैं।

## जरा हटके

## लोकतंत्र के बारे में ...

प्रमोद दीक्षित मलय

# लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं विश्वास की समृद्धि का पर्व

लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा में आम जन को आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति के समान अवसरों की उपलब्धता एवं क्रियान्वयन को प्रमुखता दी गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संस्कृति के विकास के लिए प्रत्येक नागरिक एवं समाज को स्वतंत्रता होती है। लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा भारत वर्ष के लिए नवल विचार नहीं है क्योंकि यहां राज व्यवस्था में यह चिंतन प्राचीन काल से ही प्रभावी रहा है। रामराज्य में प्रजा हर प्रकार से सुखी थी। रामायण में रामराज्य का वर्णन जन हितकारी राज्य का अद्भुत उदाहरण है। महाभारत के शान्तिपर्व में भी मृत्यु शैय्या पर लेटे भीष्म ने युधिष्ठिर को राजधर्मानुशासन का पाठ पढ़ाते हुए जन सामान्य की सुख-सुविधाओं का ध्यान रखने का उपदेश दिया है तो विष्णुगुप्त चाणक्य ने भी अपने राजनीति विषयक ग्रंथ अर्थशास्त्र में लोकहितैषी राजा के गुण एवं आदर्श का वर्णन किया है।

वास्तव में लोक कल्याणकारी राज्य का पथ लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रक्रिया की भूमि से ही गुजरता है क्योंकि लोकतंत्र में तानाशाही और निरंकुश सत्ता अधिनायक के लिए कोई जगह नहीं होती। इस प्रणाली में जनता को लोक हितैषी प्रतिनिधि चुनने एवं लोक हितकारी शासन सत्ता स्थापित करने का अधिकार होता है। साथ ही अपेक्षानुरूप प्रदर्शन करने में अक्षम होने पर जनता सत्ता के परवर्तन करने का हक भी रखती है। और यह सम्भव होता है चुनाव अंतर्गत गोपनीय मतदान प्रक्रिया द्वारा, जिसका संचालन भारत निर्वाचन आयोग



करता है। मतदान के प्रति जन जागरूकता एवं मतदाता भागीदारी बढ़ाने हेतु प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष देश 16वां मतदाता दिवस मना रहा है।

लोकतंत्र के बारे में अब्राहम लिंकन का वह कथन प्रकाश स्तंभ बन चुका है जिसमें कहा गया है कि लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए जनता द्वारा चुनी गयी शासन प्रणाली है। यह प्रणाली तभी सार्थक सिद्ध होगी जब समाज लोकतांत्रिक प्रक्रिया से अवगत होते हुए मतदान की महत्ता को समझे। वह अपने एक वोट की प्रतिष्ठा एवं गुरुता तभी समझ सकेगा जब वह 17 अप्रैल, 1999 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सरकार का एक वोट से गिर जाना समझ पायेगा। अतः मतदाताओं में मतदान करने के प्रति उत्साह जगा निर्भय होकर मतदान करने, मतदान केंद्रों के अधिकारिता क्षेत्र में 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवक-युवतियों का पंजीकरण कर नये मतदाता बनाते हुए फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक मतदान केंद्र एवं बूथ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 25 जनवरी को प्रति वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।

# नई सोच सफलता का सूत्रधार

हमारे जीवन में सामाजिक , भौगोलिक हो चाहे, राजनीति, औद्योगिक, आध्यात्मिक आदि - आदि हर क्षेत्र में नई सोच सफलता का सूत्रधार हैं । यही सोच इतिहास रचा, सफलताओं का शंखनाद बजाती हैं । एक घटना प्रसंग एक नेत्रहीन व्यक्ति फुटपाथ पर एक कटोरा लेकर बैठा था । एक छोटा सा पट्ट लगा था । उस पर भिक्षा दें , भगवान आपका भला करे, अँधे पर दया करें आदि - आदि लिखा था । वह आते जाते लोग इसकी और विशेष ध्यान नहीं दे रहे थे। कटोरे में बहुत थोड़े से सिक्के थे। एक राहगीर आया उसने पट्ट को उठाया और जो लिखा उसे मिटाया था । वह उसकी जगह उसने कुछ नया लिख दिया और वहीं रख दिया। आश्चर्य ! आते-जाते लोग उस पट्ट को पढ़ते और भिक्षा राशि कटोरे में झट डालते। कटोरा फटाफट भर गया । यह सब पट्ट पर नई लिखावट का चमत्कार था । वह जिसके लिए भिखारी ने मन ही मन उस अनजान सज्जन का उपकार माना । उन्होंने वास्तव में पट्ट पर वही लिखा जो पहले था बस ! उसकी भाषा में बदलाव था। वह जो लिखा था कि लगता है आज एक बहुत खूबसूरत दिन है । पर मुझ हतभागी के लिए यह भिन्न नहीं हैं । इसी लिखावट की मार्मिकता से लोगों के दिल खूब पसीज गए और आते जाते वो कटोरा भरते गए। उन सज्जन ने वही लिखा जो पहले था। बस ! उसमें सकारात्मकता और नवीनता का पुट डाला था। यह सही बात है कि कुछ सोचेंगे तो ही हम कुछ नया करेंगे।वह अगर हम सोचेंगे ही नहीं तो क्या करेंगे ? हमारी नई सोच सफलता का सूत्रधार आने वाली हर विपत्ति हमारे लिए संपति की एक बलशाली सशक्त धारा है । हम इसको इस तरह समझें कि यह जागरुक रहने के लिए एक प्रेरक इशारा है । हम कोई भी विपत्तियों से डरे नहीं उनका मुकाबला करते रहें । वह नई कल्पनाओं व उमंगों से अपने खाली दिमाग को भरते रहें । वह आगे की ओर देखना ही हमें ऊर्ध्वमुखी बनाएगा और आगे देखना ही जीवन के विकास में नई नई गति लाएगा । मन की सृजनात्मक कल्पनाशीलता इसमें सबसे तीव्र गति है । हमारे मस्तिष्क मे इतनी शक्ति है कि जो उसे कभी भी सृजनात्मक मोड़ दे सकता है । सृजनात्मकता मन मे नई-नई कल्पनाओ की कार्यान्वित से होती हैं । हम सारांश में यह कह सकते है कि जब सोच में नवीनता और कृतित्व में रचनात्मकता आदि होती है तो अप्रत्याशित सफलता परिणाम में मिलती ही है । अतः हम संसार में निर्लिप्त भाव से रहते हुए परमार्थ की ओर बढ़े । वह तिन्नाणं तारयाणं की ओर बढ़ हमारी आत्मा का संस्कार हमको गढ़ना हैं । वह स्वर्णिम इतिहास बनाना है। यही हमारे लिए काम्य हैं ।

**› प्रदीप छाजेड़**

# 12 दिन पहले गर्लफ्रेंड को भगाकर लाया, फिर लॉकअप में लटका मिला था शव

# थाने में मरने वाले युवक की बॉडी पहुंची प्रयागराज

हंगामा

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । प्रयागराज के रहने वाले एक युवक की महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस लॉकअप में मौत हो गई। 22 जनवरी को नागपुर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी कि युवक ने फंदे से लटककर जान दी है। युवक नागेंद्र पर एक लड़की को भगाकर ले जाने का आरोप था।

पुलिस नागेंद्र को उसके घर में नाबालिग लड़की के साथ पकड़ा। इसके पुलिस नागेंद्र और लड़की को नागपुर ले गई। पुलिस ने नागेंद्र को लॉकअप में बंद कर दिया। वहीं,


नागेंद्र, मृतक

लड़की को उसके परिजनों के पास भेज दिया। 4 दिन बाद नागेंद्र का लॉकअप में शव मिला। पोस्टमॉर्टम के बाद नागेंद्र का शव उसके गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। सैकेड़ों लोगों ने उतरांव थाने को घेरकर हंगामा किया। फूलपुर-सैदाबाद मार्ग जाम कर दिया गया। मौके पर पुलिस से कहासुनी भी हुई। हंडिया विधायक हाकिम लाल बिंद भी मौके पर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि नागेंद्र ने आत्महत्या नहीं की, उसे मार डाला गया। पूरा मामला उतरांव थाना क्षेत्र का है। राम जी ने बताया कि नागपुर में केस दर्ज होने के बाद वहां की पुलिस जांच करते हुए प्रयागराज आई। उतरांव थाना पुलिस के साथ 18 जनवरी को पुलिस हमारे घर पहुंची।

पुलिस नागेंद्र और उस लड़की को पकड़कर अपने साथ ले गई। इसके बाद 22 जनवरी को हमें सूचना दी गई कि नागेंद्र ने जरी थाने के लॉकअप में सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने के बाद 23 जनवरी को लड़के पिता नागपुर गए और शव लेकर वापस आए।

## डीजे बजाने का काम करता था

उतरांव का रहने वाला नागेंद्र (21) डीजे संचालक था। वह शादियों में डीजे बजाता था। 17 अक्टूबर को हंडिया के धनुपुर एक परिवार की शादी में डीजे लेकर गया था। वहीं, एक नाबालिग लड़की से उसकी मुलाकात हुई। दोनों ने एक-दूसरे के नंबर ले लिए। फिर फोन पर बातचीत होने लगी। नागेंद्र के पिता राम जी ने बताया- लड़की के पिता नागपुर में व्यवसाय करते हैं। लड़की अपने परिवार के साथ यहां चाचा के लड़के की शादी में आई हुई थी। शादी के बाद वे सभी नागपुर लौट गया। लेकिन नागेंद्र और लड़की की फोन पर बातचीत होती रही।

## नागपुर से लड़की को भगाकर लाया

नागेंद्र के पिता राम जी ने कहा- इसके बाद लड़की ने नागेंद्र को मिलने के नागपुर बुलाया। नागेंद्र 11 जनवरी को ट्रेन से नागपुर पहुंच गया। 12 जनवरी को नागेंद्र लड़की को लेकर अपने गांव उतरांव आ गया। इसके बाद लड़की के घरवालों ने नागपुर के जरी थाने में अपनी लड़की को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। लड़की को लेकर वह सीधे घर आया। बोला कि हम दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं। हम शादी करना चाहते हैं। इसके बाद हम लोगों ने मंदिर में शादी करने का प्लान बनाया।


परिवार वाले और गांव वालों ने थाने को घेरकर हंगामा किया।

## नागेंद्र आरोपी था, तो अदालत में पेश करते

नागेंद्र के पिता ने कहा- मेरा बेटा सुसाइड नहीं कर सकता। अगर वह आरोपी था, तो उसे अदालत में पेश किया जाना चाहिए था। लड़की के पिता, लड़की और उसके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। आज प्रदर्शन कर रहे गांव वालों ने कहा- नगेंद्र की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने उतरांव थाने के एक पुलिसकर्मी पर गाड़ी तोड़ने और मारपीट करने का आरोप लगाया है।

# 10 दिवसीय प्रशिक्षण का 9वां दिन संपन्न

कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

ललितपुर। जनपद ललितपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी एवं नाई ट्रेड का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का 9वां दिन क्षेत्रपाल मंदिर, स्टेशन रोड स्थित श्यावाद स्कूल परिसर में आयोजित किया गया।

इस योजना के अंतर्गत प्रतिभागियों को 10 दिवस का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य जनपद के नवयुवक एवं नवयुवतियों को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक गरिमा एवं अवधेश द्वारा



प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीक, गुणवत्ता सुधार, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं मार्केट लिंकेज से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से प्रतिभागी स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

इसके साथ ही प्रशिक्षार्थियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं जैसे सीएम युवा अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) वित्त पोषण सहायता योजना के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे वे भविष्य में इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

फास्ट न्यूज

## घर में लगी आग, लाखों का सामान जल कर राख

हैदरगढ़ । बाराबंकी के हैदरगढ़ क्षेत्र स्थित बेहटा गांव में शनिवार शाम एक घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इस अग्निकांड में घर में रखी नगदी, जेवरात, एक नई मोटरसाइकिल और समस्त गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से देर शाम आग पर काबू पाया गया।

## नाबालिग से घर में घुसकर छेड़छाड़

बाराबंकी । उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के सफदरगंज थाना क्षेत्र में एक किशोरी से घर में घुसकर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से शिकायत की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करीब 17 वर्षीय पीड़िता सफदरगंज थाना क्षेत्र की निवासी है और एक डिग्री कॉलेज में बीए की छात्रा है। उसने बताया कि गांव का ही एक युवक कॉलेज आते-जाते समय उसका पीछा करता था। पीड़िता के आरोप के अनुसार, यह घटना तीन दिन पहले 20 जनवरी को हुई थी। उस दिन वह घर पर अकेली थी।

## प्रयागराज में एंबुलेंस ने 2 दोस्तों को रौंदा, मौत

प्रयागराज । प्रयागराज-रीवा हाईवे पर शनिवार शाम भीषण सड़क हादसा हो गया। एक एम्बुलेंस ने 2 नाबालिग दोस्तों को रौंद दिया। दोनों साइकिल से घर का सामान लेने जा रहे थे। एक लड़का तो एंबुलेंस में फंसकर 40 मीटर दूर तक घिसटता चला गया। दोनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

# एक - एक क्षण का सदुपयोग सबसे आवश्यक : जिलाधिकारी

तमसा संकेत, संवाददाता

**जीवन लक्ष्य के सिवा बाकी सभी कुछ व्यर्थ दिखने लगे तो उसको सफल होने से कोई भी नहीं रोक सकता : जिलाधिकारी**

बाराबंकी । जीवन में जब कभी समस्या आए तब अन्तर्मन की प्रेरणा और आवाज़ को सुनना चाहिए। एक-एक क्षण का सदुपयोग सबसे आवश्यक है। जब किसी विद्यार्थी को उसके जीवन लक्ष्य के सिवा बाकी सभी कुछ व्यर्थ दिखने लगे तो उसको सफल होने से कोई भी नहीं रोक सकता। यह बात जिलाधिकारी ने आज जनपद स्तरीय मिशन पहचान परीक्षा के पुरस्कार वितरण के अवसर पर पीएम श्री जीजीआईसी बाराबंकी में जनपद के कोने कोने से आए मेधावी छात्र-छात्राओं से संवाद के दौरान कही। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों द्वारा की गई जिज्ञासा का समाधान करके उनको करियर सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी के निर्देशन और मार्गदर्शन में



राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित जनपद स्तरीय मिशन पहचान परीक्षा में शनिवार को तहसील स्तरीय परीक्षा में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त कक्षा 6 से 12 तक के 132 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि जीवन मे बहाने तो बहुत मिलेंगे लेकिन यह हमको तय करना है कि जीवन मे इन बहानो को लेकर पीछे रहना है अथवा परिश्रम के साथ आगे बढ़ना है। जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी द्वारा मिशन पहचान के विषय मे जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि मिशन 2026 के अंतर्गत इन मेधावियों को बोर्ड परीक्षा की प्रदेश श्रेष्ठता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए इनको बिशेष मेंटरशिप दी जा रही है। इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है जिसने विषय विशेषज्ञों द्वारा इन पर सतत परिश्रम करते हुए इनको बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन नेशनल इंटर कालेज फतेहपुर के प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपदवासियों व जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को किया सम्मानित

# उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर सरस मेला

> कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि के आगमन पर जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सरस मेला एवं विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश दिवस (24 से 26 जनवरी) के उपलक्ष्य में जीआईसी ऑडिटोरियम, बाराबंकी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष, राज्य ललित कला अकादमी गिरीश चंद्र मुख्य अतिथि के रूप में तथा जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत एवं विधान परिषद सदस्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक गौरव एवं निरंतर विकास यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज कृषि, उद्योग, कला, संस्कृति एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में देश को नई दिशा दे रहा है।मुख्य अतिथि



ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सीएम युवा उद्यमी योजना, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूह, किसानों के लिए कृषि एवं पशुपालन योजनाएं तथा मछुआरों और श्रमिक वर्ग के लिए संचालित योजनाएं प्रदेश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' एवं मुख्यमंत्री के 'विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी से सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर प्रदेश के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया।

## जनपदवासियों एवं सभी लाभार्थियों को बधाई

मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपदवासियों एवं सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए योजनाओं का समुचित उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने तथा समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनने का आह्वान किया और जनपदवासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।विशिष्ट अतिथिगण श्रीमती राजरानी रावत व एमएलसी अंगद सिंह द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं दी गई। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने कश्मीर घाटी के लिए खाद्यान्न (चावल) की पहली पूर्ण रेलवे रैक (42 वैगन) का सफल संचालन किया

# ऐतिहासिक उपलब्धि

सफलता

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। कश्मीर घाटी की खाद्य सुरक्षा और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने पंजाब के संगरूर रेल टर्मिनल से अनंतनाग गुड्स शेड तक खाद्यान्न (चावल) की पहली पूर्ण रेलवे रैक के आगमन को सफलतापूर्वक सुगम बनाया है। इससे पहले, घाटी में केवल 'मिनी रैक' (21 वैगन, 1384 टन क्षमता) ही प्राप्त होती थी। यह उपलब्धि उच्च-क्षमता वाले रेल परिवहन की दिशा में एक बड़े बदलाव का प्रतीक है। लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने और परिवहन लागत को कम करने के उद्देश्य से



भारतीय खाद्य निगम (FCI) के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद, इस पूर्ण रैक संचालन को हरी झंडी दी गई थी।

**मुख्य विशेषताएं:**

दोगुनी क्षमता: इस पूर्ण रैक में 42 वैगन शामिल थे, जिसमें कुल 2,768 मीट्रिक टन चावल लाया गया है।

**त्वरित पारगमन:** यह खेप 21 जनवरी को पंजाब के संगरूर रेल टर्मिनल से लोड की गई थी और 24 घंटे से भी कम समय में अनंतनाग पहुंच गई, जो आपूर्ति श्रृंखला में अभूतपूर्व दक्षता को दर्शाता है।

चुनौतियों का सामना: कल खराब मौसम के कारण अनलोडिंग (माल उतारने) की गतिविधियों में मामूली देरी हुई, लेकिन आज हैंडलिंग कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया।



> यह सफल संचालन जनता तक आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए रेलवे, एफसीआई और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के बीच बेहतरीन समन्वय का प्रमाण है।

**घाटी पर प्रभाव:**

यह मील का पत्थर कश्मीर घाटी में वितरण नेटवर्क में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला साबित होगा। मिनी रैक और सड़क परिवहन के बजाय पूर्ण-क्षमता वाले रेलवे वैगनों को अपनाकर, रेलवे विभाग निम्नलिखित सुनिश्चित करता है:

लागत दक्षताः समग्र लॉजिस्टिक्स और माल ढुलाई खर्चों में महत्वपूर्ण कमी।

आपूर्ति में स्थिरताः घाटी में बफर स्टॉक बनाए रखने के लिए एक तेज़ और अधिक विश्वसनीय तरीका।

पर्यावरणीय लाभः राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी ट्रक यातायात पर निर्भरता में कमी।

# कक्षा 10 की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

## परिजनों ने थाने में दी तहरीर, मुकदमा

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी छात्रा के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि छात्रा को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली मोहम्मदपुर खाला में छात्रा का भाई द्वारा दी गई तहरीर में बताया कि बहन जो कि कक्षा 10 की छात्रा है, दिनांक 22 जनवरी 2026 को सुबह लगभग 9 बजे घर से सूरतगंज कॉलेज पढ़ने के लिए निकली थी। शाम करीब 3 बजकर 50 मिनट पर विद्यालय के एक कर्मचारी द्वारा प्रार्थी के मोबाइल फोन पर सूचना दी गई कि छात्रा की साइकिल विद्यालय परिसर में खड़ी है, जिस पर उसका परिचय पत्र भी टंगा हुआ है, लेकिन छात्रा का कहीं कोई पता नहीं है। सूचना मिलते ही परिजन तत्काल विद्यालय पहुंचे और वहां से छात्रा के संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद छात्रा का कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का कहना है कि इस घटना से वे बेहद चिंतित हैं और उन्हें आशंका है कि उनकी नाबालिग बहन को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले जाया गया है। पीड़ित पक्ष ने थाना कोतवाली मोहम्मदपुर खाला में लिखित तहरीर देकर छात्रा की गुमशुदगी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस टीम द्वारा छात्रा की तलाश हेतु जांच-पड़ताल की जा रही है।

**घटना : नाइट ड्यूटी करने जा रहा था, साथी गंभीर रूप से झुलसा, घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया**

# सीतापुर में बाइक की टंकी ब्लास्ट, युवक जिंदा जला

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर । सीतापुर में बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक की टंकी फट गई। फिर पूरी बाइक आग का गोला बन गई। एक युवक जिंदा जल गया। दूसरा युवक बुरी तरह झुलस गया। राहगीरों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक एक युवक की मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। गौरव तिवारी (21) और सियाराम (23) मिल में मजदूरी करते थे। नाइट शिफ्ट की ड्यूटी के लिए


गौरव तिवारी, मृतक

बाइक से जा रहे थे। हादसा जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर रामकोट थाना क्षेत्र में हुआ। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। गौरव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा सियाराम भी गंभीर रूप से झुलस गया। राहगीरों और ग्रामीणों की सूचना पर रामकोट थाना पुलिस दमकल के साथ पहुंची और आग पर काबू पाया। झुलसे सियाराम को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।


हादसे में सियाराम भी गंभीर रूप से चोटिल हो गया और झुलस गया।


> घटना की सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पिता वीरेंद्र ने बताया- गौरव ने दिवाली के मौके पर नई बाइक खरीदी थी, जिससे वह रोजाना मिल में मजदूरी करने जाया करता था।

## बाइक गिरने से टंकी फटी, फिर आग लग गई

गौरव तिवारी और सियाराम मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र की नई बस्ती के रहने वाले थे। दोनों की शुक्रवार को नाइट ड्यूटी थी। शुक्रवार शाम एक ही बाइक से दोनों मिल के लिए निकले। रात 9 बजे के करीब रामकोट थाना क्षेत्र के रायपुर गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। गिरते ही बाइक की टंकी फट गई और चिंगारी निकलते ही आग लग गई। कुछ ही पलों में बाइक में आग लग गई। बाइक चला रहा गौरव तिवारी आग में घिर गया और बुरी तरह झुलस गया।

# एसआईआर अभियान में एयरो कार्यालयो पर उमड़ रही भीड़



तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । जनपद के सूरतगंज विकास खंड में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान जारी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। अभियान के तहत मतदाता सूची में नाम सुधार, सत्यापन और नोटिसों के निस्तारण की जिम्मेदारी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (AERO) को सौंपी गई है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 267 रामनगर के लिए राहुल कुमार को AERO नियुक्त किया गया है।



उनका कार्यालय खंड विकास अधिकारी कार्यालय, सूरतगंज के कक्ष संख्या-3 में संचालित हो रहा है। यहां संबंधित मतदेय स्थलों के मतदाता अपने नोटिसों का जवाब देने और दस्तावेजों के सत्यापन के लिए पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 266 कुर्सी के लिए विभाकर द्विवेदी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नामित किए गए हैं। उनका कार्यालय विकास खंड सूरतगंज के कक्ष संख्या-1 में स्थापित है, जहां मतदाता दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं का समाधान करा रहे हैं। रविवार को दोनों ही AERO कार्यालयों और संबंधित बूथों पर सुबह से ही महिला, पुरुष और बुजुर्ग मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। मतदाता आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र और पहचान पत्र सहित अन्य आवश्यक अभिलेख लेकर पहुंचे। बूथ लेवल अधिकारी (BLO) और AERO द्वारा मतदाताओं की समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनी जा रही हैं और मौके पर ही दस्तावेजों का सत्यापन कर आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं।

# यूपी में 10 शहरों में बारिश, 4 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम, पहाड़ी राज्यों में भीषण बर्फबारी और मूसलाधार बारिश का असर

# बाराबंकी-एटा में बिजली गिरी 2 जिलों में ओले गिरे

**मौसम**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। यूपी में मौसम बिगड़ गया है। शनिवार तड़के लखनऊ, कानपुर, हरदोई समेत पूर्वी यूपी के 10 जिलों में रिमझिम बारिश हुई। देर रात हाथरस और इटावा में ओले गिरे। अचानक मटर के दाने बराबर ओले गिरने से अफरा-तफरी मच गई। बाराबंकी में बिजली गिरने से घर के बाहर लगे इलेक्ट्रिक मीटर जल गए। ऐसे ही एटा में देर रात ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बिजली गिरी। मौके पर भीषण आग लग गई।

मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ी राज्यों में भीषण बर्फबारी और मूसलाधार बारिश का असर यूपी में साफ दिख रहा है। आज 15 जिलों में ओले और बारिश का अलर्ट है। 20 जिलों में 40 से 50 की स्पीड से आंधी भी चल सकती है। अगले 4 दिन तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। कोहरे और ठंड से मिल रही राहत पर ब्रेक लगेगा। पारा 3-4C लुढ़क सकता है। इससे पहले शुक्रवार को पश्चिमी यूपी के 20 जिलों में बारिश हुई। नोएडा, गाजियाबाद समेत कई जिलों में देर रात से शुरू हुई बारिश रुक-रुक कर दिन भर होती रही। तेज हवा चली। मेरठ में ओले गिरे। खेतों में फसलें गिर गईं। एक चर्च पर बिजली गिरने से आग लग गई।

कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, यह बारिश गेहूं, मसूर और चना की फसल के लिए फायदेमंद है, लेकिन सरसों और आलू को नुकसान हो सकता है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे मौसम की जानकारी पर नजर रखें और जरूरत पड़ने पर फसलों में दवा का छिड़काव करें, ताकि नुकसान से बचा जा सके।



मेरठ के ललियाना गांव में तेज हवाओं के साथ बड़े-बड़े ओले गिरे।

### आगरा में चल रही ठंडी हवा, तापमान 12 डिग्री

आगरा में शनिवार सुबह से ठंडी हवा चल रही है। हल्के बादल छाए हैं। कोहरे और धुंध से राहत है। सुबह का तापमान लगभग 12 डिग्री सेल्सियस रहा। शुक्रवार को हुई बूंदाबांदी के बाद शनिवार सुबह तापमान में गिरावट आई है लेकिन सर्दी से राहत है। मौसम विभाग के अनुसार, दिन में हल्की धूप निकल सकती है। दिनभर ठंडी हवाएं चलेंगी। शनिवार को AQI भी 221 रहा, जोकि पुअर श्रेणी में है।

### बाराबंकी में गिरी बिजली, पेड़ टूटा, घर के बाहर लगे मीटर जले

बाराबंकी नगर कोतवाली क्षेत्र के शिवाजी पुरम मोहल्ले में शनिवार देर रात आकाशीय बिजली गिरी। तेज गर्जना और चमक के साथ यह बिजली एक विशाल पेड़ पर गिरी, जिससे पेड़ क्षतिग्रस्त हो गया। इसका असर आसपास के दर्जनों घरों पर पड़ा।

स्थानीय निवासी शिवानी वर्मा ने बताया- बिजली गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि लोगों को लगा जैसे कोई बड़ा विस्फोट हुआ हो। इस घटना से मोहल्ले के कई घरों की बिजली वायरिंग जल गई। कई घरों के बिजली मीटर, एलईडी टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और इनवर्टर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए।

**कानपुर में देर रात बारिश से मौसम ठंडा हुआ। बीते दो दिनों से धूप निकल रही थी, जिसे दिन का तापमान बढ़ रहा था। शुक्रवार दिनभर तेज हवाएं चलती रही। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में बारिश होने की संभावना जताई है।**



मेरठ के कैंट एरिया में सेंट्रल मैथोडिस्ट चर्च पर शुक्रवार दोपहर बिजली गिरी। इससे यहां स्टोर में आग लग गई।

### प्रयागराज में मौसम साफ, हल्की धूप के साथ चल रही हवा

प्रयागराज में लगातार मौसम बिल्कुल साफ बना हुआ है। तापमान 15 डिग्री सेल्सियस है। हल्की धूप और हवा भी चल रही है। हालांकि, लोगों को ठंड से बिल्कुल निदान मिल चुका है। यहां सभी स्कूल कॉलेज खुल चुके हैं। मौसम साफ होने से मेला क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ी है।

### अगले 4 दिनों तक कैसा रहेगा मौसम

- 25 जनवरी: मौसम साफ रहेगा। कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। सर्द हवाएं भी चलेंगी।
- 26 जनवरी: हल्की बारिश हो सकती है। बादल छाए रहेंगे। तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।
- 27 जनवरी: पश्चिमी यूपी में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होगी। पूर्वी यूपी में हल्की बारिश की संभावना है।
- 28 जनवरी: गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। कहीं-कहीं तेज हवाएं भी चलने की संभावना है।

### फर्रुखाबाद में गरज-चमक के साथ बारिश, सर्द हवा चलने से सर्दी बढ़ी

फर्रुखाबाद में शुक्रवार की देर शाम गरज के साथ बारिश हुई। ऐसे में सर्दी बढ़ गई। शनिवार की सुबह सर्द हवा चलने से लोगों को एक बार फिर सर्दी का एहसास हुआ है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आसमान में हल्के बादल छाए हुए हैं।

**फास्ट न्यूज**

### आगरा में रंगबाज युवक की गोली मारकर हत्या

आगरा । 'मेरे बेटे का कल जन्मदिन था। एक दिन पहले उसकी हत्या कर दी गई। उसे चार युवक लेकर गए। उनके बीच क्या बात हुई कि बेटे को मार डाला। मैंने उन लड़कों को पहले कभी नहीं देखा।' ये बात बेटे राज चौहान की हत्या के बाद शनिवार को मां नीरू चौहान ने कही। राज चौहान की शुक्रवार को आगरा के ट्रांसयमुना क्षेत्र के एसएन स्टे हाउस शराब पार्टी के दौरान विवाद होने पर ताबड़तोड़ गोली बरसाकर हत्या कर दी गई।

### सेन में महिला का आधा-धड़ कुत्तों ने नोच डाला

कानपुर । एक दिन पहले सेन पश्चिमपारा में झाड़ियों में जिस महिला का का न्यूड शव मिला था, आज उसका पोस्टमार्टम किया गया। रेप की आशंका के चलते चार स्लाइड बनाकर प्रयोगशाला भेजी गई। शरीर का आधा धड़ कुत्तों ने नोच खाया था, जिस कारण पोस्टमार्टम में चोट के निशान नहीं मिल सके। फोरेंसिक जांच में सामने आया कि महिला का मर्डर करने के बाद शव को फेंका गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

मूलरूप से संत कबीर नगर के मेहदावल निवासी मजदूर झिन्कई प्रजापति पल्लेदारी करते हैं।

### आगरा में मिलेगा कश्मीरी खाने का स्वाद

आगरा । जेपी पैलेस होटल में 10 दिवसीय कश्मीरी फूड फेस्टिवल की शुरुआत हो गई है। इस फेस्टिवल में कश्मीरी शेफ द्वारा तैयार किए गए व्यंजन परोसे जाएंगे। होटल के पात्रा रेस्टोरेंट में यह 10 दिन का फूड फेस्टिवल चलेगा, और इस रेस्टोरेंट को कश्मीरी स्टाइल में सजाया गया है। रेस्टोरेंट में काम करने वाले कर्मचारी भी कश्मीरी भेष भूषा में दिखाई दे रहे है।

# भाजपा अब शंकराचार्यों को कर रही टारगेट : इमरान मसूद

## जनगणना पर भी उठाए सवाल, कहा- पहले मुसलमानों को टारगेट किया जाता था

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सीतापुर । सीतापुर के रेउसा विकासखंड इलाके में आयोजित कांग्रेस के संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम में सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने शिरकत की। वह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से सहारनपुर से सीतापुर रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। सांसद इमरान मसूद ने अखिलेश यादव द्वारा जनगणना में जाति कॉलम न होने सहित अन्य सवालों को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जाति जनगणना की मांग सबसे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उठाई थी। इसका मुख्य उद्देश्य शोषित और वंचित वर्गों को उनका हक दिलाना था। उन्होंने कहा कि जनगणना में आर्थिक सर्वे होना चाहिए था, लेकिन जनगणना फॉर्म में उसका कोई कॉलम ही नहीं है, जो सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करता है। भाजपा पर निशाना साधते हुए इमरान मसूद ने कहा कि भाजपा लगातार नफरत फैलाने वाले नए-नए विधेयक ला रही है। उन्होंने इशारों में कहा कि मौजूदा नीतियां देश की एकता और संविधान की भावना के खिलाफ हैं। हाल ही में सुर्खियों में रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद शंकराचार्य विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए इमरान मसूद ने कहा कि अब शंकराचार्य को भी यह सिद्ध करना होगा कि वे शंकराचार्य हैं या नहीं।



संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने शिरकत की।

### देश के खिलाफ हो रही साजिश

भाजपा का काम सिर्फ समाज को बांटना है, चाहे वह जाति के नाम पर हो, धर्म के नाम पर हो या फिर क्षेत्रवाद के नाम पर। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की राजनीति नफरत और विभाजन पर आधारित है।" पीडीए के खिलाफ साजिश" से जुड़े सवाल पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि पीडीए का तो पता नहीं, लेकिन देश के खिलाफ जरूर साजिश हो रही है।

## अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक

# निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षा चौपाल का आयोजन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज, (बाराबंकी)। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने एवं अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से क्षेत्र में जगह-जगह शिक्षा चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को ब्लॉक सूरतगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरी महार स्थित निपुण प्राथमिक विद्यालय पिपरी मोहार में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाध्यापक विकास कुमार सिंह के संयोजन में तथा खंड शिक्षा अधिकारी सूरतगंज संजय कुमार के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महादेवा भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अशोक शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत सभी अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। दीप प्रज्वलन के उपरांत ग्राम प्रधान पवन सैनी, प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के सहायक अध्यापकों द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि अमित कुमार सिंह ने अपने संबोधन में अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि "एक रोटी कम खाएं, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं। बच्चों की शिक्षा ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।" वहीं विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार शुक्ला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार छात्र-छात्राओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी जितनी शिक्षकों की है, उससे कहीं अधिक जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है।





### गुरु एवं माता-पिता के सम्मान पर दिया गया संदेश

अध्यापक उपेंद्र सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि जो बच्चे अपने माता-पिता के साथ-साथ गुरुजनों का सम्मान करते हैं, वही जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने सभी बच्चों से अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर दिनेश चंद्र पांडे, अमित कुमार, आलोक अवस्थी, एजाजुद्दीन, रईस अहमद, नीलम सिंह, मनीष सिंह, विवेक सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सिटी हीट एक्शन प्लान समिति की बैठक संपन्न

# कार्य योजना फरवरी तक तैयार करने के निर्देश, हीटवेव से निपटने पर जोर

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में सिटी हीट एक्शन प्लान के निर्माण एवं क्रियान्वयन को लेकर जनपद स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी ग्रीष्मकाल में संभावित हीटवेव (लू) के प्रभावों से जनजीवन को सुरक्षित रखने हेतु एक प्रभावी, व्यवहारिक एवं समयबद्ध कार्य योजना तैयार करना रहा।

शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित इस समिति में नगर आयुक्त नगर निगम को सदस्य संयोजक बनाया गया है। समिति में अपर नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), विकास प्राधिकरण, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य, अग्निशमन, पशुपालन, शिक्षा, मौसम विज्ञान, परिवहन, ऊर्जा, जल निगम, श्रम, महिला एवं बाल विकास, उद्यान, सूचना विभाग सहित एनजीओ, स्वयं सहायता समूह, कम्युनिटी ग्रुप एवं सामाजिक संस्थाओं के नामित प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

प्रदेश के 17 नगर निगमों में हीटवेव प्रबंधन हेतु सिटी हीट एक्शन प्लान विकसित, क्रियान्वित एवं अनुश्रवण किए जाने के शासनादेश के क्रम में यह समिति गठित की गई है। राज्य में लू की बढ़ती तीव्रता और उसके प्रतिकूल प्रभावों को दृष्टिगत रखते हुए 22 मई 2025 को मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में इस योजना को लागू करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। साथ ही कहा कि हीटवेव के साथ-साथ अन्य आपदाओं के संबंध में विभागीय समन्वय बैठकों का आयोजन कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। जिलाधिकारी ने आपदा राहत संसाधनों की मैपिंग, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित करने, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की नियमित बैठकें आयोजित करने तथा समस्त कार्यदायी संस्थाओं से निर्माण स्थलों (कंस्ट्रक्शन साइट) की सूची प्राप्त कर आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कटारिया, अपर जिलाधिकारी (वित्त) सूर्यकांत त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



> **"बैठक में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हीटवेव का प्रकोप प्रारंभ होने से पूर्व ही फरवरी माह तक सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार कर लिया जाए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी (वित्त) को स्कूलों एवं कॉलेजों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए।**

# मथुरा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पुलिस में खींचातानी

## अर्धनग्न अवस्था में अहिल्याबाई पार्क में धरने पर बैठे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मथुरा । काशी मणिकर्णिका घाट पर चल रहे काम के दौरान अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के लगाए जा रहे आरोप प्रत्यारोप के बीच शनिवार को मथुरा में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में पार्टी के नेता दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास का घेराव करने के लिए जाने से पहले डैंपियर नगर में एकत्रित हुए। जहां पुलिस ने उनको आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और पुलिस में जमकर खींचातानी हुई।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में शनिवार को डैंपियर नगर स्थित अहिल्याबाई होलकर पार्क में एकत्रित हुए। यहां कांग्रेस नेताओं ने अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा का पूजन किया। इसके बाद वह दिल्ली जाने के लिए प्रस्थान करने लगे। इसी दौरान वहां पुलिस पहुंच गई और उनको आगे बढ़ने से रोकने लगे।



कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के आवास का घेराव करने के लिए जैसे ही मथुरा के डैंपियर नगर स्थित अहिल्या बाई होलकर पार्क से आगे बढ़े सिटी सर्किल की पुलिस वहां पहुंच गई और कार्यकर्ताओं को रस्सी लगाकर रोकने का प्रयास किया। कांग्रेस के कार्यकर्ता रस्सी से नहीं रुके तो दोनों तरफ से खींचतान होने लगी।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ हुई खींचतान के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के कपड़े फट गए।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 2027 के लिए शाह...

साथ ही जनता से अपील की कि 2027 में फिर से भाजपा सरकार बनाएं।

कार्यक्रम में एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला समेत 5 लोगों को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। शाह ने अलग-अलग जिलों के फेमस व्यंजनों के स्टॉल का निरीक्षण भी किया। शाह और योगी साथ चलते दिखाई दिए। पीछे दोनों डिप्टी CM और बीच में पंकज चौधरी चल रहे थे। इस बीच, शाह मथुरा के पेड़े वाला स्टॉल देखकर शाह रुक गए। फिर मुस्कुरा कर आगे बढ़ गए।

दिल्ली रवाना होने से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार शाम भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने सीएम योगी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में प्रदेश महामंत्रियों के साथ बैठक की। करीब 40 मिनट चली बैठक में शाह ने SIR में दावे और आपत्तियां अधिक से अधिक लगाने और पार्टी के वोटबैंक से जुड़े हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने को कहा। बैठक में जीरामजी अधिनियम को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करने को कहा।

बैठक में विधान परिषद की शिक्षक एवं स्नातक क्षेत्र की सीटों पर होने वाले चुनाव की तैयारी पर बात हुई। सूत्रों का कहना है कि शाह ने माघ मेले में अविमुक्तेश्वरानंद के विवाद में भी सरकार और संगठन के लोगों से बात की है। शाह से भाजपा की नई टीम के गठन और मंत्रिमंडल को लेकर भी बात हुई। अब इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से चर्चा की जाएगी। बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी पर भी चर्चा हुई।

अमित शाह की स्पीच के दौरान लोग कुर्सियां छोड़कर जाने लगे। ऐसे में प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने लखनऊ के कमिश्नर विजय विश्वास पंत को फोन पर कहा कि लोगों को बैठाओ और कमिश्नर लोगों को बैठते हुए नजर आए।

अमित शाह ने कहा कि 2014 से जनता ने यूपी में भाजपा का कमल खिलाया। 2027 में फिर उत्तर प्रदेश में चुनाव होना है। मैं यहां के लोगों से अपील करने आया हूं कि देश की सुरक्षा के लिए, विकास के लिए प्रचंड बहुमत के लिए भाजपा की सरकार को फिर से जीताइए। यह परिवारवादी पार्टियां सपा, बसपा उत्तर प्रदेश का कल्याण नहीं कर सकते। यूपी का कल्याण केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी कर सकती है।

### 'ऊपर मोदी और नीचे ...

प्रदेश के अंदर योगी जी ने भ्रष्टाचार को हटा दिया। कानून व्यवस्था को चौक बंद कर दिया। हर गरीब के कल्याण के लिए ढेर सारी योजनाओं को जमीन पर उतारा।'

### पहाड़ों पर बर्फबारी...

मैदानी इलाकों में चल रही बर्फीली हवाओं के कारण पूरे उत्तर भारत में एक बार फिर तापमान में गिरावट देखने को मिल रहा है।

राजस्थान के माउंट आबू में तापमान ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां तापमान गिरकर शून्य से -7C पर चला गया है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से राजस्थान में ओले-बारिश के बाद तापमान 10 तक गिर गया है। वहीं, सीकर में ओस की बूंदे भी जम गई हैं।

जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में जमकर बर्फबारी हुई है। मैदानी हिस्सों में करीब एक फुट बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है, जबकि ऊपरी पहाड़ी इलाकों में लगभग दो से तीन फुट बर्फबारी हुई है। भारी बर्फबारी के कारण हाईवे और लिंक रोड समेत सड़कें बंद हैं। कई इलाकों में तापमान शून्य के नीचे पहुंच गया है। श्रीनगर एयरपोर्ट शनिवार को भी नहीं खुल सका। NH-44 लगातार दूसरे दिन बंद है।

### 'अविमुक्तेश्वरानंद ...

इसी दृष्टिकोण से कैमरे लगाए गए हैं.

आपको बता दें कि प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या पर संगम में स्नान के लिए जाने के दौरान अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों से पुलिस की बहस हो गई थी. आरोप है कि इस दौरान अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों की पिटाई की गई. जिसके बाद अविमुक्तेश्वरानंद ने पालकी अपने शिविर की तरफ मोड़ दी. इस दौरान उन्होंने स्नान से भी इनकार कर दिया था.

इस घटना के बाद से ही अविमुक्तेश्वरानंद विरोध में बैठे हैं और अपने शिविर के अंदर भी नहीं गए हैं. उनकी मांग है कि प्रशासन आकर उनसे माफी मांगे और संगम स्नान करवाए. वहीं इसी के चलते उन्होंने 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर भी स्नान नहीं किया. मौनी अमावस्या के बाद से ही मेला प्रशासन लगातार उन्हें नोटिस भेज रहा है. एक नोटिस में मेला प्रशासन ने उनके शंकराचार्य होने को लेकर भी सवाल किया.

हालांकि, मेला प्रशासन की नोटिस का जवाब शंकराचार्य की तरफ से दे दिया गया है. लेकिन अभी तक विवाद खत्म नहीं हुआ है. इसी बीच केशव प्रसाद मौर्य का भी बयान वायरल हो रहा है. जिसमें उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी को जिद नहीं करना चाहिए और जाकर स्नान करना चाहिए.

### केंद्र सरकार राज्यपालों...

उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ कर्नाटक में ही नहीं हुआ, बल्कि तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी हुआ है। जहां-जहां कांग्रेस या गैर-बीजेपी सरकारें हैं, वहां राज्यपाल परेशानियां खड़ी कर रहे हैं। राज्यपाल निजी तौर पर मानते हैं कि उन्हें ऊपर से आदेश मिलते हैं।

दरअसल 22 जनवरी को कर्नाटक विधानसभा में राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने संयुक्त सत्र में सरकार का तैयार भाषण पढ़ने से इनकार कर दिया और अपना भाषण सिर्फ तीन पंक्तियों में खत्म किया। इस पर कांग्रेस सरकार ने कड़ा विरोध जताया। यह हाल के दिनों में गैर-बीजेपी शासित दक्षिणी राज्यों में राज्यपाल और सरकार के बीच तीसरा टकराव है; इससे पहले केरल और तमिलनाडु में भी ऐसे मामले हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत गरीबों को काम का अधिकार मिला था, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे छीनकर उसकी जगह कमजोर कानून ला दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विरोध नहीं हुआ, तो सरकार गरीबों से जुड़ी कई योजनाएं भी खत्म कर देगी।

### बांग्लादेश टी-20...

हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि पाकिस्तान अपने वर्ल्ड कप खेलने के फैसले पर फिर विचार कर सकता है। स्कॉटलैंड की ICC टी-20 टीम रैंकिंग 14 है, टीम पिछले वर्ल्ड कप के ग्रुप-बी में तीसरे नंबर पर रही थी। उनके इंग्लैंड के बराबर ही पॉइंट्स थे, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण इंग्लैंड को अगले राउंड में मौका मिला। टीम 2022 में भी ग्रुप स्टेज में तीसरे नंबर पर रहकर अगले राउंड में एंट्री नहीं कर सकी थी। 2021 के वर्ल्ड कप में टीम ने बांग्लादेश को ही हराया था। पिछले टूर्नामेंट में प्रदर्शन के कारण ही स्कॉटलैंड को अब मौका मिला। स्कॉटलैंड ग्रुप-सी में वेस्टइंडीज, इटली, इंग्लैंड और नेपाल के साथ रहेगी। टीम अपने शुरुआती 3 मैच कोलकाता और आखिरी मुकाबला मुंबई में खेलेगी। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमों को ही सुपर-8 स्टेज में एंट्री मिलेगी।

### एसआईआर की चिंता...

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में एक ही उपनाम की अलग-अलग वर्तनी आम बात है। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि मेरा सरनेम बनर्जी और बंदोपाध्याय दोनों तरह से लिखा जाता है, लेकिन SIR कराने वालों को यह तक समझ नहीं है। ममता के मुताबिक इसी तरह की गड़बड़ियों के कारण 1.38 करोड़ लोगों को नोटिस भेजे गए।

ममता ने आरोप लगाया कि बुजुर्ग लोगों को भी SIR की सुनवाई के लिए बुलाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को भी इस संबंध में नोटिस क्यों भेजा गया।

मुख्यमंत्री ने भाजपा पर बंगाल के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गांधी, रवींद्रनाथ टैगोर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. अंबेडकर और ईश्वर चंद्र विद्यासागर जैसे महापुरुषों का अपमान किया जा रहा है ।

## प्रतीका रावल, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ को पहली बार मौका, कमलिनी बाहर

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला टेस्ट टीम की हुई घोषणा

**ऐलान**

मुंबई, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इकलौते टेस्ट के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान कर दिया गया है। शनिवार को जारी टीम में वर्ल्ड कप जीतने वाली स्टार बैटर प्रतीका रावल, बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा और तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को मौका दिया गया है।

इन तीनों को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। यह मुकाबला 6 से 9 मार्च तक पर्थ में खेला जाएगा। टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। यह टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया दौरे के व्हाइट बॉल मुकाबलों के बाद खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले 3 T20I और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे, जिनकी शुरुआत 15 फरवरी से होगी। युवा विकेटकीपर जी कमलिनी चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गई हैं। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह उमा चेत्री को भारत की T20I और वनडे टीम में शामिल किया है।

### वनडे प्रदर्शन के दम पर प्रतीका को मौका

प्रतीका रावल का टेस्ट टीम में चयन उनके हालिया वनडे प्रदर्शन को देखते हुए लगभग तय माना जा रहा था। उन्होंने 24 वनडे मैचों में 50.45 की औसत से 1110 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम 2 शतक और 7 अर्धशतक दर्ज हैं। प्रतीका के चयन के साथ यह भी साफ हो गया है कि वह टखने की चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं। चोट की वजह से वे पिछले साल महिला वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और फाइनल नहीं खेल पाई थीं। हालांकि, 25 साल की प्रतीका को ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट बॉल दौरे के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है।

> मुंबई की तेज गेंदबाज सयाली साटघरे को भी टीम में जगह मिली है। 25 साल की सयाली ने जनवरी 2025 में आयरलैंड के खिलाफ 3 वनडे खेले थे। उनके चयन के चलते अनुभवी अरुंधति रेड्डी को टीम में मौका नहीं मिला।



### वैष्णवी और क्रांति का भी पहला टेस्ट कॉल-अप

20 साल की वैष्णवी शर्मा ने शुरुआती 2025 में भारत की अंडर-19 वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू T20I सीरीज में सीनियर टीम में डेब्यू किया था। वैष्णवी अब तक 5 T20I खेल चुकी हैं। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने पिछले साल भारत के लिए डेब्यू किया था। वह अब तक 15 वनडे और 4 T20I खेल चुकी हैं। वनडे फॉर्मेट में वे खासा प्रभावी रही हैं और 23 विकेट ले चुकी हैं।

## गिल की कप्तानी में पंजाब दो दिन में हारा सौराष्ट्र 194 रन से जीता

नई दिल्ली, एजेंसी



रणजी ट्रॉफी के छठे राउंड के दूसरे दिन शुभमन गिल की कप्तानी वाली पंजाब टीम को सौराष्ट्र के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। टर्निंग पिच पर खेले गए इस मुकाबले में पंजाब दूसरी पारी में सिर्फ 125 रन पर सिमट गई। पहली पारी की बढ़त के दम पर सौराष्ट्र ने 194 रन से मैच जीत लिया और दो दिन के भीतर ही मुकाबला अपने नाम कर लिया।

उधर, मुंबई के लिए सरफराज खान ने दोहरा शतक लगा दिया। उन्होंने 227 रन की जबरदस्त पारी खेलते हुए हैदराबाद के खिलाफ मुंबई को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। सरफराज ने पारी में 19 चौके और 9 सिक्स भी लगा दिए।

सौराष्ट्र ने पंजाब के खिलाफ दो दिन में मुकाबला खत्म किया। दूसरी पारी में पार्थ भुट और धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने पांच-पांच विकेट लिए। सौराष्ट्र ने पहली पारी में 33 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में 286 रन बनाए, जबकि स्कोर 75/5 तक गिर चुका था।

319 रन का लक्ष्य पंजाब के लिए टर्निंग पिच पर असंभव साबित हुआ और टीम 125 पर सिमट गई। शुभमन गिल का यह मैच खराब रहा और उन्होंने 0 व 14 रन बनाए।

अन्य मुकाबलों में झारखंड ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में 561 रन बनाकर दबदबा बना लिया। बंगाल ने सर्विसेज के सामने 519 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। मध्य प्रदेश के खिलाफ कर्नाटक की टीम संघर्ष करती नजर आई, जबकि छत्तीसगढ़ ने दिल्ली के खिलाफ खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचा लिया है। ओडिशा के खिलाफ तमिलनाडु ने भी मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है।

# टी-20 वर्ल्डकप में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड खेलेगा

## बोर्ड ने डेडलाइन तक जवाब नहीं दिया आईसीसी ने स्कॉटिश बोर्ड से बात की

नई दिल्ली, एजेंसी



टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बांग्लादेश की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं और अब उसका टूर्नामेंट से बाहर होना लगभग तय माना जा रहा है। ICC कुछ देर में इसका अधिकृत ऐलान कर सकता है। उसने स्कॉटलैंड क्रिकेट बोर्ड से बात की है और वर्ल्ड कप खेलने के लिए तैयार रहने को कहा है।

भारत में मैच खेलने के ICC के फैसले के खिलाफ बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने डिस्प्यूट रिजोल्यूशन कमेटी (DRC) में जो अपील की थी, उस पर सुनवाई की गुंजाइश नहीं है, क्योंकि यह मामला समिति के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

न्यूज एजेंसी PTI के अनुसार BCB ने सभी कानूनी विकल्प आजमाने के इरादे से यह अपील दायर की थी, लेकिन नियमों के चलते उसे कोई राहत नहीं मिलने वाली।

बोर्ड का कहना है कि यदि यहां से भी मामला खारिज होता है, तो आखिरी रास्ता कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (CAS) ही बचेगा। उधर, ICC की ओर से दी गई 24 घंटे की समय-सीमा के भीतर बांग्लादेश की तरफ से कोई आधिकारिक जवाब नहीं आया, जिससे स्थिति और साफ हो गई। इससे पहले बांग्लादेश बोर्ड सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार कर चुका था, लेकिन अतिरिक्त समय मिलने के बावजूद जवाब न मिलने से अब ICC के पास बांग्लादेश को बाहर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने एक दिन पहले ढाका में नेशनल प्लायर्स के साथ बैठक करके यह साफ कर दिया कि टीम भारत नहीं जाएगी। बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने एक दिन पहले ढाका में नेशनल प्लायर्स के साथ बैठक करके यह साफ कर दिया कि टीम भारत नहीं जाएगी।

## 209 रन का टारगेट 15.2 ओवर में चेज, कप्तान सूर्यकुमार और ईशान किशन की फिफ्टी

# भारत ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने न्यूजीलैंड पर इस सीरीज की लगातार दूसरी जीत हासिल की। शुक्रवार को टीम इंडिया ने कीवियों को 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने 209 रन के टारगेट को 15.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। इसी के साथ 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त भी बना ली। तीसरा मैच 25 जनवरी को गुवाहाटी खेला जाएगा। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 37 बॉल पर नाबाद 82 रनों की नाबाद पारी खेली। जबकि ईशान किशन ने 32 बॉल पर 76 रन बनाए। दोनों के बीच 122 रन की साझेदारी हुई। अभिषेक शर्मा जीरो और संजू सैमसन 6 रन बनाकर आउट हुए।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 208 रन बनाए।



कुलदीप यादव को दूसरा विकेट मिला।

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। रचिन रवींद्र ने 44 रन बनाए। भारत से कुलदीप यादव ने 2 विकेट झटके। ईशान किशन प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा मुझे नहीं पता कि इशान ने दोपहर में क्या खाया था या मैच से पहले उन्होंने कैसी तैयारी की थी। क्योंकि 6 पर दो के बाद इस तरह की पारी खेलना अद्भुत था।

> ईशान किशन ने कहा जब आप बड़े लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो अच्छी शुरुआत की दरकार भी होती। मैं सिर्फ रन बनाने की सोच रहा था, कई बार आपको यह खुद के लिए करना होता है ताकि आप अपने सवालों के जवाब दे सकें।

हंसते हुए कहा-मैं उनसे गुस्सा था कि उन्होंने मुझे ज्यादा स्ट्राइक नहीं दी। हर किसी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। न्यूजीलैंड को 210 पर रोकना शानदार था।। हम इसी ब्रांड की क्रिकेट खेलना चाहते हैं।

न्यूजीलैंड के कप्तान सैंटनर बोले हमें पता था कि 210 रन काफी नहीं हैं। हमारे लिए सीखने का मौका है और हम वापसी करने का पूरा प्रयास करेंगे। ओस में बतौर स्पिनर गेंदबाजी मुश्किल थी। शायद 300 पर्याप्त होता। जब आप एक ऐसी टीम के खिलाफ उतरते हैं, जिनकी बैटिंग में गहराई होती है। तो उनके खिलाफ मुश्किल होती है।



### ईशान के हाथ से बल्ला छूटा, फिर 3 चौके लगाए

5वें ओवर की तीसरी बॉल पर ईशान किशन के हाथा से बल्ला छूट गया, जिसे रचिन रवींद्र ने उठाकर उनके पास तक पहुंचाया।

अगली 3 बॉल पर ईशान किशन ने चौके लगाए। इसी के साथ भारत का स्कोर 50 पार पहुंच गया। मिचेल सैंटनर के इस ओवर से 12 रन आए।

**मनोरंजन**

# बॉर्डर 2 की स्पेशल स्क्रीनिंग

## रूमर्ड गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे आर्यन खान, अथिया शेट्टी पति केएल राहुल के साथ नजर आईं

मुंबई। सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। शुक्रवार रात मुंबई में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। इस मौके पर फिल्म की पूरी टीम और कई बॉलीवुड सितारे मौजूद रहे। फिल्म की स्क्रीनिंग में सनी देओल और वरुण धवन पहुंचे। वहीं, अहान अपने माता-पिता सुनील शेट्टी और माना शेट्टी के साथ भी नजर आए। अहान को सपोर्ट करने उनकी बहन अथिया शेट्टी और जीजा, क्रिकेटर केएल राहुल भी पहुंचे। स्क्रीनिंग में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड और ब्राजीलियाई मॉडल लारिसा बोनेसी के साथ पहुंचे। स्क्रीनिंग में सोनम बाजवा, अन्या सिंह, मेधा राणा, क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल और आर्यन खान भी शामिल हुए।





> बता दें कि फिल्म 'बॉर्डर 2' 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है। इस फिल्म को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता ने प्रोड्यूस किया है।

### फिल्म ने पहले दिन 32.10 करोड़ रुपए कमाए

बॉर्डर 2 को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। वहीं, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार एंट्री की है। फिल्म ने पहले दिन 32.10 करोड़ रुपए का नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया।

### फायरिंग केस में एक्टर कमाल राशिद खान गिरफ्तार

नई दिल्ली। एक्टर कमाल राशिद खान उर्फ KRK को मुंबई पुलिस ने शनिवार को अंधेरी पश्चिम के ओशिवारा इलाके में एक रिहायशी बिल्डिंग में फायरिंग की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक्टर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। PTI की रिपोर्ट में पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात उन्हें पूछताछ के लिए ओशिवारा पुलिस स्टेशन लाया गया था। पुलिस के अनुसार, अपने बयान में KRK ने लाइसेंसी बंदूक से दो राउंड फायर करने की बात कबूल की है। यह घटना 18 जनवरी को ओशिवारा स्थित नालंदा सोसाइटी में हुई थी। जांच के दौरान सोसाइटी परिसर से दो गोलियां बरामद हुईं, जिनमें एक दूसरी मंजिल से और दूसरी चौथी मंजिल से मिली।

## बोले- म्यूजिक इंडस्ट्री में मर्द नहीं, ज्यादातर किन्नर आ गए

# पंजाबी सिंगर सिंगा नए विवाद में घिरे

जालंधर, एजेंसी

'जट्ट दी क्लिप वी न्यूज बण गई' फेम पंजाबी सिंगर अपने नए सॉन्ग 'असला 2.0' की लॉन्चिंग से पहले विवादों में घिर गए हैं। उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री के कई कलाकारों को छक्का (किन्नर) कह दिया। सिंगा ने कहा कि इंडस्ट्री में कई कलाकार मर्द ही नहीं हैं। हालांकि जिस इंटरव्यू में उन्होंने ये सब बातें कहीं, वह करीब एक साल पुराना है। मगर, उसकी क्लिप अब वायरल हो गई और उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। सिंगा कह रहे हैं न ही कोई बंदा है और न ही मर्दों वाली बात रह गई है। आजकल म्यूजिक इंडस्ट्री में ज्यादातर छक्के आ गए। मुझे लगता है कि म्यूजिक इंडस्ट्री में मर्द नहीं रह गए हैं। सिंगा ने कहा कि कुछ समय इंडस्ट्री में चुप्पी साधे रहने और कूल गीत निकालने के बाद फिर से हथियार कल्चर वाला गीत रिलीज किया है। 23 जनवरी को अपने यूट्यूब चैनल पर रिलीज असला 2.0 में हथियारों की सरेआम नुमाइश की है। इस गीत में सलवारों पर नजर...जैसे कई विवादित बोल भी हैं। सिंगा पहले भी विवादों में रह चुके हैं। गल कल्चर को प्रमोट करने को लेकर उन पर नवंबर 2022 में मोहाली में केस दर्ज हो चुका है। इसके अलावा जालंधर और कपूरथला में भी धार्मिक भावनाएं आहत करने का केस दर्ज है। उन पर तेरी अम्मी सॉन्ग में अश्लील शब्दों का प्रयोग करने और महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप लगे थे। भीम आर्मी और कुछ अन्य संगठनों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोला था, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की थी।





## शाहिद कपूर की पत्नी मीरा को फराह खान ने ऑफर की फिल्म

# 'मेरे साथ एक रोल कर ले ना'

नई दिल्ली। अभिनेता शाहिद कपूर की वाइफ मीरा राजपूत बेहद खूबसूरत हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर वे अपनी फोटोज और वीडियो शेयर करती हैं। मीरा की खूबसूरती देख कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान भी दंग रह गईं। इतना ही नहीं, उन्होंने मीरा को फिल्म का ऑफर तक डे डाला।

सिलसिले में मीरा राजपूत से मिलीं। इस दौरान ऋषि कपूर और नीतू सिंह की बेटि रिद्धिमा कपूर भी साथ थीं। इसी मुलाकात के दौरान मीरा राजपूत को देख फराह खान इतनी प्रभावित हुईं कि उनसे फिल्म करने की बात कह डाली। फराह खान ने कहा, 'मीरा तुम बहुत सुंदर हो। तुम हीरोइन बन सकती हो। मेरी पिक्चर में मेरे साथ एक रोल कर ले ना प्लीज'।



### साल 2015 में हुई थी मीरा राजपूत और शाहिद की शादी

शाहिद कपूर और मीरा राजपूत की शादी साल 2015 में हुई थी। कपल के दो बच्चे- बेटी मीशा कपूर और बेटा जैन कपूर हैं। शाहिद कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शाहिद के अपोजिट फिल्म में तृप्ति डिमरी नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है।

> फराह खान ने जैसे ही मीरा को फिल्म का ऑफर दिया तो मीरा थोड़ी शरमा गईं। इसके बाद उन्होंने बड़ी ही विनम्रता से इसके लिए मना कर दिया। मीरा राजपूत फिलहाल अपनी निजी जिंदगी में खुश हैं और उन्होंने साफ कर दिया कि फिल्मों में आने का उनका कोई इरादा नहीं है। बता दें कि मीरा राजपूत सफल बिजनेसवुमन हैं।



## श्वेता तिवारी संग शादी की अफवाहों पर भड़के विशाल सिंह

नई दिल्ली। टीवी एक्टर विशाल आदित्य सिंह ने लीगल एक्शन लेने की बात कही है। यह उन अफवाहों के चलते है, जिनमें उनका नाम गलत तरीके से एक्ट्रेस श्वेता तिवारी के साथ जोड़ा गया। दरअसल, सोशल मीडिया पर हाल ही में एक पोस्ट वायरल हुई, जिसमें दावा किया गया कि श्वेता तिवारी ने विशाल आदित्य सिंह से तीसरी शादी कर ली है। इस पोस्ट के सामने आते ही विशाल भड़क गए। बता दें कि विशाल और श्वेता ने टीवी शो बेगूसराय (2015-2016) में साथ काम किया था। तभी से दोनों के बीच अच्छी दोस्ती है और विशाल श्वेता को मां की तरह मानते हैं। बातचीत में विशाल ने कहा, "पहले भी सोशल मीडिया पर श्वेता जी और मुझे लेकर अफवाहें फैली थीं, लेकिन मैंने उन्हें नजरअंदाज कर दिया था। अब बात बहुत ज्यादा आगे बढ़ गई है। सब जानते हैं कि मैं उन्हें 'मां' कहकर बुलाता हूं, और इसके लिए किसी सफाई की जरूरत नहीं है। फिर ऐसी बेवजह और बेतुकी बातें क्यों पोस्ट की जा रही हैं? मैं ऐसी अफवाहें फैलाने वालों को चेतावनी दे रहा हूं। मुझे मजबूरन लीगल एक्शन लेना पड़ेगा।" विशाल ने यह भी कहा कि इस तरह की गलत जानकारी का असर सिर्फ उन दोनों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उनके परिवारों पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा, "किसी के परिवार को ऐसे सवालों के जवाब क्यों देने पड़ें? मेरे परिवार को पता है कि श्वेता जी के साथ मेरा रिश्ता कैसा है, और हमारे आसपास के लोग भी यह जानते हैं। फिर भी, जो लोग सच्चाई जानते हैं, उन्होंने भी मेरे माता-पिता से पूछना शुरू कर दिया कि क्या यह सच है।

## कहा- अफगानिस्तान में नाटो सैनिक लड़ाई से दूर रहे, ब्रिटिश पीएम बोले- यह हमारे सैनिकों का अपमान

# कनाडा के बाद ब्रिटेन से झगड़ा मोल ले बैठे ट्रम्प



अफगानिस्तान के जाबुल प्रांत में मौजूद ब्रिटिश पैराट्रूपर्स, जहां वे कंधार में तैनात होने की तैयारी कर रहे थे। तस्वीर 2008 की है।

> अफगानिस्तान में नाटो के तहत मुख्य रूप से दो बड़े अभियान चले, जिनमें ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, पोलैंड, डेनमार्क सहित दर्जनों देशों के हजारों सैनिकों ने हिस्सा लिया।

**विवाद**

**लंदन, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कनाडा के पीएम मार्क के बाद ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से झगड़ बैठे हैं। स्टार्मर ने ट्रम्प के अफगानिस्तान में यूरोपीय सैनिकों के बारे में दिए गए बयान को अपमान-जनक और चौंकाने वाला बताया है।

ट्रम्प ने गुरुवार को फॉक्स नेटवर्क के एक इंटरव्यू में कहा था कि अमेरिका को कभी NATO गठबंधन की जरूरत नहीं पड़ी और यूरोपीय सहयोगी अफगानिस्तान में फ्रंट लाइन्स से पीछे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि सहयोगी देशों ने कुछ सैनिक भेजे जरूर थे, लेकिन वे बड़ी लड़ाई से दूर रहे।

स्टार्मर ने कहा कि अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते। वहीं, ब्रिटिश प्रिंस हैरी ने कहा कि नाटो सैनिकों के बलिदान को सच्चाई और सम्मान के साथ याद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं वहां सेवा दे चुका हूं।

### दो बार अफगानिस्तान में तैनात हो चुके ब्रिटिश प्रिंस हैरी

प्रिंस हैरी ब्रिटेन के राजा चार्ल्स III के छोटे बेटे हैं और वे वेल्स के प्रिंस विलियम के छोटे भाई हैं। वे ड्यूक ऑफ ससेक्स के खिताब से जाने जाते हैं। प्रिंस हैरी ब्रिटिश आर्मी में सेवा दे चुके हैं, वे दो बार अफगानिस्तान में तैनात हुए थे। प्रिंस हैरी अपाचे हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में काम कर चुके हैं। अफगानिस्तान युद्ध में उनकी सेवा काफी चर्चित रही और उन्होंने कई बार कहा है कि सेना ने उन्हें एक बड़ा मकसद दिया था।

### यूरोपीय देश बोले- हमने साथ मिलकर लड़ाई की, इसे नहीं भुलाया जा सकता

डच विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने ट्रम्प के बयान को झूठा बताया। पोलैंड के पूर्व विशेष बल कमांडर और रिटायर्ड जनरल रोमन पोल्को ने कहा कि ट्रम्प ने हद पार कर दी है। उन्होंने कहा, ₹हमने इस गठबंधन के लिए खून बहाया, अपनी जानें दीं। हमने साथ मिलकर लड़ाई की लेकिन सभी घर नहीं लौटे।₹ पोलैंड के रक्षा मंत्री व्लादिस्लाव कोसिनियाक-कामिश ने कहा कि पोलैंड के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और इसे कमतर नहीं दिखाया जा सकता।

ब्रिटेन के पूर्व MI6 प्रमुख रिचर्ड मूर ने कहा कि उन्होंने और उनके सहयोगियों ने CIA के बहादुर अधिकारियों के साथ खतरनाक मिशनों में काम किया और अमेरिका को अपना सबसे करीबी सहयोगी माना।

ट्रम्प के बयान पर ब्रिटेन के लिबरल डेमोक्रेट्स नेता एड डेवी ने एक्स पर लिखा कि ट्रम्प ने वियतनाम युद्ध में ड्राफ्ट से बचने के लिए पांच बार छूट ली थी, फिर वे दूसरों के बलिदान पर सवाल कैसे उठा सकते हैं।

# चांदी इस हफ्ते 35,815 बढ़कर 36 लाख पर पहुंची

## सोना 12,717 महंगा होकर 1.54 लाख हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में बढ़त रही। सोना 12,717 रुपए बढ़कर 1,54,310 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 16 जनवरी, शुक्रवार को 1,41,593 रुपए पर था। वहीं चांदी 2,81,890 किलो से बढ़कर 3,17,705 रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 35,815 रुपए बढ़ी है। इस साल सिर्फ 23 दिनों में सोना 21,115 रुपए और चांदी 81,285 रुपए महंगी हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की जिद और इस मुद्दे पर यूरोपीय देशों को टैरिफ की धमकी ने वैश्विक बाजारों बाजारों अस्थिरता बढ़ गई है। जब भी दुनिया में ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ता है, निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश यानी सोने की ओर भागते हैं।

भारत में सोने की कीमत केवल वैश्विक दरों पर नहीं, बल्कि डॉलर-रुपया एक्सचेंज रेट पर भी निर्भर करती है। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 91.10 के ऑल-टाइम लो पर है। LKP सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी के अनुसार, रुपए की कमजोरी की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खरीदे जाने वाले सोने की लैंडिंग कॉस्ट भारत में बहुत महंगी हो गई है, जिससे घरेलू बाजार में कीमतें 1.5 लाख के पार निकल गईं। दुनिया भर के केंद्रीय बैंक (जैसे भारत का RBI) अपने विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने के लिए सोने का स्टॉक बढ़ा रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### संघर्ष विराम की बातचीत के बीच भी रूस-यूक्रेन के हमले जारी

कीव । रूस और यूक्रेन के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में संयुक्त अरब अमीरात में संघर्ष विराम के मुद्दे पर बातचीत हो रही हैं। हालांकि संघर्ष विराम की बातचीत के बीच भी हमले जारी हैं। रूस के ड्रोन हमले में यूक्रेन की राजधानी कीव में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। कीव के शहरी सैन्य प्रशासन के प्रमुख ने एक बयान जारी कर कहा कि रूसी ड्रोन के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और चार अन्य घायल हुए हैं।

### 'गाजा में पाकिस्तान की जरूरत नहीं'

नई दिल्ली। इजरायल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकत ने ईरान और पाकिस्तान को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया है। इजरायल के मंत्री नीर बरकत ने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने भविष्य में कोई भी उकसावे वाली कार्रवाई की, तो इजरायल उसे सात गुना ज्यादा ताकत से करारा जवाब देगा। दरअसल, दावोस में एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में इजरायल के मंत्री नीर बरकत ने ईरान ईरान पर दशकों से सशस्त्र गुटों को समर्थन देकर मध्य पूर्व को अस्थिर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'ईरान बुराई की धुरी का मुखिया रहा है।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन से 8 लोगों की मौत

इंडोनेशिया । मुख्य द्वीप जावा में शनिवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ। इसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 82 लोग लापता हो गए। बचावकर्मी गहरे कीचड़ में फंसे लोगों की तलाश में जुटे रहे। कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश के कारण नदियां उफान पर आ गईं। पश्चिम जावा प्रांत के पश्चिम बांडुंग जिले के पासिर लांगू गांव में तबाही मचा दी।

# इंडिगो ने 16 एयरपोर्ट्स पर 717 फ्लाइट स्लॉट्स छोड़े

## मुंबई में 236 और दिल्ली में 150 उड़ानें कम हुईं

**नई दिल्ली, एजेंसी**




अगले कुछ दिनों में अगर आप इंडिगो से कहीं जाने का प्लान कर रहे हैं तो आपको फ्लाइट के ऑप्शन कम मिलेंगे। क्योंकि, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने भारत के अलग-अलग डोमेस्टिक एयरपोर्ट्स पर अपने 717 स्लॉट्स सरेंडर कर दिए हैं। यह कदम डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) के उस फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें ऑपरेशनल दिक्कतों और सर्दियों में कोहरे के कारण होने वाली देरी को देखते हुए इंडिगो के विंटर शेड्यूल में कटौती की गई थी। एविएशन मिनिस्ट्री ने संसद में यह डेटा शेयर किया है।

इंडिगो ने कुल 16 एयरपोर्ट्स पर अपने स्लॉट्स छोड़े हैं। इसमें सबसे ज्यादा 236 स्लॉट्स मुंबई एयरपोर्ट पर कम हुए हैं। इसके बाद दिल्ली का नंबर आता है, जहां 150 स्लॉट्स सरेंडर किए गए हैं। बेंगलुरु में 84, हैदराबाद में 68 और पुणे में 48 स्लॉट्स छोड़े गए हैं।

मंत्रालय के मुताबिक, गोवा, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता और जयपुर जैसे बड़े शहरों के साथ-साथ श्रीनगर, पटना, रांची और रायपुर जैसे छोटे एयरपोर्ट्स पर भी फ्लाइट्स कम हुई हैं। DGCA ने इंडिगो के विंटर शेड्यूल में कटौती का फैसला सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में छाने वाले घने कोहरे को देखते हुए लिया था। कोहरे की वजह से अक्सर विजिबिलिटी कम हो जाती है, जिससे उड़ानों में भारी देरी और ऐन वक्त पर कैंसिलेशन होता है।

## इमरजेंसी घोषित, 20 करोड़ लोगों पर संकट, 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल

# अमेरिका के 15 राज्यों में बर्फीले तूफान का खतरा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**




अमेरिका में तूफान के डर से लोग ग्रॉसरी स्टोर पर जाकर बड़े पैमाने पर सामान खरीद रहे हैं।



अमेरिका में बर्फीले तूफान की चेतावनी के बाद 15 राज्यों में इमरजेंसी ने घोषित कर दिया है। वहीं दो दिनों में 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। नेशनल वेदर सर्विस (NWS) के मुताबिक, 20 करोड़ यानी करीब दो-तिहाई अमेरिकी इस तूफान की चपेट में आ सकते हैं।

तूफान के डर से लोग ग्रॉसरी स्टोर पर जमा हो रहे हैं। कई दुकानों में पानी, अंडे, मक्खन और मीट की कमी हो गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तूफान के साथ भारी बर्फबारी, बारिश और ठंड आएगी, जिससे हालात बेहद खतरनाक हो सकते हैं। ट्रांसपोर्टेशन अधिकारियों ने वीकेंड पर यात्रा में देरी और कैंसिलेशन की चेतावनी दी है। कई बड़े शहरों के एयरपोर्ट भी इससे प्रभावित हुए हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, शनिवार को अमेरिका में 3,200 से अधिक उड़ानें और रविवार को करीब 4,800 से उड़ानें रद्द हुईं। इमरजेंसी घोषित राज्यों में नेशनल गार्ड और रेस्क्यू टीमों को तैनात किया गया है। न्यूयॉर्क गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि बर्फ हटाने के लिए पूरे राज्य में 1,600 से ज्यादा स्नो प्लो मशीन और 1,14,000 टन नमक तैयार है।

### एयर इंडिया ने न्यूयॉर्क जाने वाली फ्लाइट कैंसिल की

भीषण तूफान के कारण एयर इंडिया ने 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और नेवार्क से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। यात्रा संबंधी सलाह में, एयरलाइन ने कहा कि रविवार की सुबह से सोमवार तक न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और आसपास के क्षेत्रों में भारी बर्फबारी होने की संभावना है, जिससे उड़ान संचालन में दिक्कत हो सकती है। एयर इंडिया ने यात्रियों को अपनी उड़ानों की स्थिति की जांच करने और जरूरत पड़ने पर टिकट कैंसिल करने यह शिफ्ट करने जैसे दूसरे तरीकों पर विचार करने की सलाह दी है।

### अमेरिका के कई इलाकों में 10 से 14 इंच तक बर्फबारी होने का अनुमान

मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान अमेरिका के हाई प्लेन्स से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ेगा। इसके असर से मेम्फिस, नैशविल, वॉशिंगटन डीसी, बाल्टीमोर, फिलाडेल्फिया और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में बर्फबारी होगी।

सदर्न रॉकीज और प्लेन्स से लेकर मिड-अटलांटिक होते हुए नॉर्थ-ईस्ट तक भारी बर्फ गिरने का अनुमान है। NWS के अनुसार, कोलोराडो से लेकर वेस्ट वर्जीनिया और बोस्टन तक कई इलाकों में 12 इंट से ज्यादा बर्फ पड़ सकती है। न्यूयॉर्क शहर के आसपास के कुछ हिस्सों में रविवार सुबह से सोमवार तक 10 से 14 इंच बर्फबारी हो सकती है और 30 मील प्रति घंटे की हवाएं चल सकती हैं।

## हमारे बजाए उनसे बिजनेस कर रहा, गोल्डन डोम प्रोजेक्ट का विरोध करने पर हुए नाराज

# चीन 1 साल में कनाडा को खा जाएगा : ट्रम्प

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि चीन, कनाडा को एक साल के अंदर ही खा जाएगा। दरअसल, कनाडा के PM मार्क कार्नी ट्रम्प के 'गोल्डन डोम' मिसाइल प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प इससे नाराज हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा हमारे बजाए चीन से दोस्ती बढ़ा रहा, जो उन्हें पहले ही साल में बर्बाद कर देगा। कनाडा पर आरोप लगाते हुए ट्रम्प ने कहा कि वह उत्तर अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा है।

कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 13 जनवरी से 17 जनवरी तक चीन की यात्रा की और वहां व्यापार समझौते किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प इससे नाराज बताए जा रहे हैं।

करीब एक साल पहले कार्नी खुद चीन को कनाडा के सामने “सबसे बड़ा सुरक्षा खतरा” बता चुके थे। लेकिन एक साल बाद हालात बदल चुके हैं। चीन दौरे पर उन्होंने कई अहम करार किए हैं। इसमें कनाडा, चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ियों (EV) पर लगाए गए टैरिफ को कम करेगा।

कनाडा ने 2024 में अमेरिका के साथ मिलकर चीनी गाड़ियों पर 100% टैरिफ लगाया था। अब नए समझौते के तहत इस टैरिफ को घटाकर 6.1% किया जा रहा है। हालांकि यह हर साल 49 हजार इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर लागू होगा। 5 साल में इसे बढ़ाकर 70 हजार तक किया जा सकता है।



### पहले भी आमने-सामने आ चुके ट्रम्प-कार्नी

मार्क कार्नी और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच बढ़ता तनाव नया नहीं है। पहले भी दोनों नेता कई मुद्दों पर आमने-सामने आ चुके हैं।

पिछले हफ्ते ग्रीनलैंड को लेकर कार्नी ने ट्रम्प को खुली चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि ग्रीनलैंड के भविष्य का फैसला अमेरिका नहीं कर सकता और यह अधिकार केवल ग्रीनलैंड और डेनमार्क का है। कार्नी ने उस समय अमेरिका समेत नाटो के सभी सहयोगी देशों से अपनी जिम्मेदारियों का सम्मान करने की अपील की थी और साफ किया था कि कनाडा डेनमार्क की संप्रभुता के साथ खड़ा है।

### कार्नी ने क्या कहा जिसे सुनकर ट्रम्प नाराज हुए

कनाडाई पीएम ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम पर 'नए वर्ल्ड ऑर्डर' पर भाषण दिया था। इसे लंबे समय से किसी भी राजनेता के दिए गए सर्वश्रेष्ठ भाषणों में से एक बताया जा रहा है।

कार्नी ने बड़े देशों के दबदबे के खिलाफ अपनी राय रखी। उन्होंने कहा- हमें बार-बार याद दिलाया जाता है कि आज की दुनिया बड़ी ताकतों की आपसी होड़ का दौर है। जो नियमों पर चलने वाली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था थी, वह अब कमजोर पड़ रही है। ताकतवर देश वही करते हैं जो वे करना चाहते हैं, और छोटे या कमजोर देशों को उसे झेलना पड़ता है। कार्नी आगे कहते हैं कि नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की जो कहानी सुनाई जाती रही है, वह पूरी तरह सच नहीं थी। जब बड़े देशों को फायदा होता है, तो वे खुद के लिए नियमों से छूट ले लेते हैं। व्यापार के नियम सब पर बराबर लागू नहीं होते। वे कहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय कानून भी सख्ती से इस बात पर निर्भर करता है कि मामले में आरोपी कौन है और पीड़ित कौन।

# जॉर्जिया में गोलीबारी में भारतीय महिला समेत 4 लोगों की हत्या

## पारिवारिक विवाद में पति ने की फायरिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिका के जॉर्जिया राज्य से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां लॉरेंसविले शहर में हुए एक कथित पारिवारिक विवाद में चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मारे गए लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लॉरेंसविले शहर में हुई इस घटना में शुक्रवार सुबह चार लोगों की मौत हो गई, जबकि घटना के समय घर के अंदर तीन बच्चे मौजूद थे। घटना के दौरान बच्चों ने अलमारी में छिपकर और पुलिस को कॉल करके अपनी जान बचाई।

जॉर्जिया की राजधानी अटलांटा में भारतीय दूतावास ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा, 'हम एक दुखद गोलीबारी की घटना से बहुत दुखी हैं जो कथित पारिवारिक विवाद से जुड़ी है, जिसमें एक भारतीय नागरिक भी पीड़ितों में शामिल था। कथित शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है, और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दी जा रही है।' संदिग्ध की पहचान अटलांटा के 51 वर्षीय विजय कुमार के रूप में हुई है। ग्विनेट काउंटी पुलिस के अनुसार, पीड़ितों की पहचान कुमार की पत्नी मीमू डोगरा, 43, गौरव कुमार, 33, निधि चंदर, 37, और हरीश चंदर, 38 के रूप में हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संदिग्ध आरोपी पर चार मामलों में गंभीर हमले, चार मामलों में हत्या, चार मामलों में दुर्भावनापूर्ण हत्या, पहले दर्जे में बच्चों के प्रति क्रूरता का एक मामला, और तीसरे दर्जे में बच्चों के प्रति क्रूरता के दो मामलों का आरोप लगाया गया है।

**चर्चा : अमेरिकी राष्ट्रपति ने फॉलो किया सोशल मीडिया का नया ट्रेंड**

# पेंगुइन के साथ ग्रीनलैंड चले ट्रंप!

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप लगातार ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कर रहे हैं। ट्रंप ने फिर एक बार ग्रीनलैंड की तरफ अपने कदम बढ़ा दिए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस बार सोशल मीडिया ट्रेंड के जरिए अपनी बात कही है।

द व्हाइट हाउस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रंप और पेंगुइन की साथ में एक AI फोटो शेयर की है। इसमें पेंगुइन ने अमेरिका का झंडा पकड़ा है। ट्रंप और पेंगुइन साथ में पहाड़ों में तरफ बढ़ रहे हैं, जहां ग्रीनलैंड का झंडा लगा है।

डोनल्ड ट्रंप कई बार ग्रीनलैंड को अमेरिका के साथ जोड़ने की बात कह चुके हैं। अब ट्रंप का पेंगुइन के साथ ग्रीनलैंड की तरफ जाने वाला AI फोटो सामने आया है। पेंगुइन को लेकर कई तरह के मीम सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

पेंगुइन को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा वर्नर हर्जोग की 2007 की डॉक्यूमेंट्री 'एनकाउंटर्स एट द एंड ऑफ द वर्ल्ड' की वजह से हो रही है। इस डॉक्यूमेंट्री की क्लिप में एक अकेला एडेलि पेंगुइन अपनी कॉलोनी से अलग होकर अंटार्कटिक की ओर भटकता हुआ दिखाई देता है। इस क्लिप में बताया जा रहा है कि पेंगुइन अपनी कॉलोनी का साथ छोड़कर पहाड़ों की तरफ अकेले ही निकल गया है। पेंगुइन जिस दिशा में जा रहा है, वहां करीब 70 किलोमीटर दूर केवल पहाड़ हैं। पेंगुइन अपने साथियों को छोड़कर अकेला सबकुछ छोड़कर चला जाता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने एआई फोटो में यह दिखाने की कोशिश की है कि पेंगुइन उनके साथ ग्रीनलैंड पर कब्जा करने जा रहा है। लेकिन सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। डॉक्यूमेंट्री की क्लिप में उस बर्फीले पहाड़ पर कोई झंडा नहीं है। सोशल मीडिया पर लोग इसे निहिलिस्ट पेंगुइन, लोनली पेंगुइन और वैंडरिंग पेंगुइन मीम कह रहे हैं।

> ट्रंप ने एआई फोटो से ग्रीनलैंड पाने की इच्छा जताई।
>
> व्हाइट हाउस ने एक्स पर पेंग्विन और ट्रंप की साथ में फोटो साझा की।
>
> सोशल मीडिया का नया ट्रेंड वर्नर हर्जोग की डॉक्यूमेंट्री से प्रेरित है।

# कमर्शियल प्लेन में सुसाइड बॉम्बर ने हवा में किया धमाका

## चमत्कारिक घटना: मौत सिर्फ हमलावर की हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दस साल पहले 2 फरवरी, 2016 को एक सोमाली आत्मघाती हमलावर ने मोगादिशु से जिबूती जा रही डालो एयरलाइंस की फ्लाइट 159 के अंदर धमाका कर दिया था। इस घटना में सिर्फ हमलावर ही मारा गया था और इसे किसी चमत्कारिक घटना से कम नहीं माना जाता है।

संदिग्ध हमलावर की पहचान सोमाली नागरिक अब्दुलाही अब्दिसलाम बोरलेह के रूप में हुई। वह विस्फोटक वाला लैपटॉप कंप्यूटर फ्लाइट में ले गया था। सीएनएन ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया, हमलावर को ठीक से पता था कि कहां बैठना है और डिवाइस को कैसे रखना है ताकि सबसे ज्यादा नुकसान हो। वहीं, बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, डालो एयरलाइंस की फ्लाइट में धमाका टेकऑफ के लगभग 15 मिनट बाद हुआ, जब प्लेन लगभग 11,000 फीट (3,350 मीटर) की ऊंचाई पर था और केबिन अभी पूरी तरह से प्रेशराइज नहीं हुआ था। इसके अलावा अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, धमाके से एयरबस A321 के साइड में एक मीटर का छेद हो गया और हमलावर मारा गया। प्लेन की मोगादिशु में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी। सोमालिया के ग्रुप अल-शबाब ने हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि वे पश्चिमी अधिकारियों और तुर्की की नाटो सेना को निशाना बना रहे थे।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96